
दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471

# अमन लेखनी



स्टारडम से डेब्यू के लिए आर्यन खान तैयार ......



सल्लू को फ्री जींस दिलाने के बहाने .......

वर्ष : 10 | अंक : 168 | लखनऊ, 28 मई, मंगलवार 2024 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

## माफिया मिट्टी में मिल गया है, राज्य में कुछ नहीं बचा है अब : सीएम योगी

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ,** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मऊ में चुनाव सभा को संबोधित करते हुए कहा कि माफिया मिट्टी में मिल गया है अब, माफिया कुछ नहीं बचा है अब यहां। विपक्ष पर वार करते हुए योगी ने कहा कि समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के घोषणापत्र में कहा गया है कि अगर (केंद्र में) कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकार बनती है, तो वे मुसलमानों को भी आरक्षण का लाभ देंगे...बाबा साहेब अंबेडकर ने कहा था कि धर्म आरक्षण का आधार नहीं हो सकता। एससी/एसटी समुदाय को आरक्षण मिलना चाहिए। लेकिन कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के लोग आपका हक छीनना चाहते हैं।

योगी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी रउ, रळ और डइउ के आरक्षण को सुरक्षित रखने के लिए किसी भी प्रकार के मुस्लिम आरक्षण का विरोध करती है। उन्होंने कहा कि देश की जनता को मोदी जी की नीतियों पर विश्वास है, उनके नेतृत्व पर विश्वास है। योगी ने कांग्रेस और समाजवादी पार्टी पर जमकर निशाना साधा और लोगों से आग्रह किया कि वे उन्हें एक-एक वोट के लिए तरसाएं क्योंकि उन्हें वोट देने का मतलब आतंकवाद और माफिया राज को आमंत्रित करने के अलावा हिंदुओं की आस्था के साथ खिलवाड़ करना और गरीबों से उनका हक छीनना है।



उन्होंने कहा, 400 पार की बात सुनते ही कांग्रेस, सपा, राजद समेत इंडिया गठबंधन के सभी दल चारों खाने चित हो रहे हैं, क्योंकि इन्होंने 400 सीटों पर लड़ने का सपना ही नहीं देखा। वहीं मोदी जी के नेतृत्व में देश के लिए किए गए योगदान की बदौलत जनता-जनार्दन के आशीर्वाद से भाजपा इस लक्ष्य को प्राप्त करने की ओर बढ़ रही है। मुख्यमंत्री ने दावा किया, एक समय था, जब बेटी-व्यापारी सुरक्षित नहीं थे। गाजीपुर इसका जीता जागता उदाहरण था। गाजीपुर हो आजमगढ़, मऊ हो या आसपास के जनपद भय और आतंक के साये में जीते थे।

## चन्नागिरी थाने पर भीड़ के हमले के संबंध में 25 लोग गिरफ्तार

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, कर्नाटक के चन्नागिरी थाने पर भीड़ द्वारा हमला करने के संबंध में पुलिस ने अब तक कम से कम 25 लोगों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों के मुताबिक, दावणगेरे में चन्नागिरी कस्बे के एक थाने में शनिवार तड़के एक व्यक्ति की कथित तौर पर हिरासत में मौत के बाद गुस्साई भीड़ ने थाने में तोड़फोड़ की और कई वाहनों को क्षतिग्रस्त कर दिया। इस घटना में कम से कम 11 पुलिसकर्मी घायल हुए थे। अपराध जांच विभाग (सीआईडी) को मामले की जांच सौंप दी गयी है। पुलिस ने बताया कि थाने, पुलिसकर्मियों और संपत्ति पर भीड़ द्वारा हमला किये जाने के संबंध में 25 लोगों को गिरफ्तार किया गया और संदिग्धों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस ने भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 353 (लोक सेवक को उसके कर्तव्य के निर्वहन से रोकने के लिए हमला या आपराधिक बल प्रयोग) और 307 (हत्या का प्रयास) के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

## जब तक मोदी और भाजपा हैं, धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं होने देंगे : नड्डा

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने सोमवार को कहा कि जब तक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भाजपा हैं, तब तक धर्म के आधार पर आरक्षण लागू नहीं होने दिया जाएगा।

वाराणसी लोकसभा से भाजपा के प्रत्याशी और प्रधानमंत्री मोदी के चुनाव प्रचार के लिए यहां पहुंचे नड्डा ने काल भैरव मंदिर में पूजा–अर्चना करने के बाद संवाददाताओं से बातचीत में विपक्ष के बारे में पूछे गये एक सवाल पर कहा, विपक्ष को आप देख ही लेंगे कि चार जून (लोकसभा चुनाव परिणाम की घोषणा की तिथि) को उसका क्या हाल होगा।

उन्होंने विपक्ष पर धर्म के आधार पर आरक्षण देने का मंसूबा रखने का आरोप लगाते हुए कहा, संविधान में स्पष्ट लिखा हुआ है कि धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं होगा और जब तक मोदी जी हैं और भारतीय जनता पार्टी है, तब तक धर्म के आधार पर आरक्षण



नहीं होने देंगे। हम अपने दलित, आदिवासी, पिछड़े और अति पिछड़े वर्गों के आरक्षण पर किसी को डाका नहीं डालने देंगे।

नड्डा ने कहा, मैं जब भी वाराणसी आता हूं तो काल भैरव मंदिर, संकट मोचन और काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन करता हूं। जैसा कि हम सभी जानते हैं कि काशी एक धार्मिक नगरी है और सनातन को आगे ले जाने वाली नगरी है। यहां से नई ऊर्जा मिलती है। उन्होंने कहा, मैंने समाज की भलाई, शांति और खुशी तथा नरेन्द्र मोदी सरकार में शुरू किए गए विकास कार्यों को ताकत देने के लिए प्रार्थना की है। नरेन्द्र मोदी जी 400 से ज्यादा सीटों के साथ तीसरी बार प्रधानमंत्री बनेंगे। नड्डा आज दिन में वाराणसी में कई बैठकों को संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी वाराणसी लोकसभा सीट से लगातार तीसरी बार मैदान में हैं। इस सीट के लिए सातवें और आखिरी चरण में आगामी एक जून को मतदान होगा।

### मौसम

अधिकतम तापमान 43.c

न्यूनतम तापमान 29.c

### बाजार

सोना 7,077/ g

चांदी 96/ g

सेंसेक्स 75,410.39

निफटी 22,957.10

## भाजपा नेताओं का एकमात्र मकसद हर कीमत पर सत्ता हासिल करना है: प्रियंका

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाद्रा ने सोमवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी समेत भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेताओं का एकमात्र मकसद किसी भी कीमत पर सत्ता हासिल करना है और वे अपने इस मकसद को पूरा करने के लिए भ्रष्ट आचरण करते हैं, धन बल का इस्तेमाल करते हैं, विधायकों को रिश्वत देते हैं और भगवान के नाम पर लोगों को गुमराह करते हैं।

प्रियंका ने हिमाचल प्रदेश के चंबा में एक रैली में कहा, मोदी ने राज्य में लोकतांत्रिक तरीके से चुनी गई कांग्रेस सरकार को भ्रष्ट आचरण के जरिए



और धन बल का उपयोग करके गिराने का हर संभव प्रयास किया। कांगड़ा लोकसभा सीट से पार्टी उम्मीदवार आनंद शर्मा के लिए प्रचार कर रहीं प्रियंका ने जनता से पूछा कि क्या वे ऐसे नेता को पसंद करेंगे? उन्होंने कहा कि कांग्रेस 55 साल तक सत्ता में रही लेकिन सबसे अमीर पार्टी नहीं बन सकी जबकि भाजपा केवल 10 वर्ष में दुनिया की सबसे अमीर पार्टी बन गई।

## अमित शाह ने पंजाब की आप सरकार गिराने की धमकी दी, ये तानाशाही है : केजरीवाल

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

चंडीगढ़। आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर लोकसभा चुनाव के बाद पंजाब में भगवंत मान नीत सरकार को गिराने की धमकी देने का आरोप लगाया और कहा कि ये तानाशाही है। शाह ने रविवार को लुधियाना में एक चुनावी रैली में लोगों से लोकसभा चुनाव में पंजाब में भाजपा उम्मीदवारों की जीत सुनिश्चित करने की अपील की और कहा कि भाजपा की जीत के बाद भगवंत मान सरकार लंबे समय तक नहीं टिकेगी।

सोमवार को केजरीवाल ने अमृतसर में व्यापारियों की एक सभा



को संबोधित करते हुए कहा, क्या आपने अमित शाह का बयान सुना है? उन्होंने धमकी दी है। शुरूआत में उन्होंने पंजाबियों को बहुत गालियां दीं। उन्होंने (शाह) धमकी दी है कि चार जून के बाद पंजाब सरकार गिर जाएगी और भगवंत मान मुख्यमंत्री नहीं रहेंगे। उन्होंने कहा, हमारे पास 92 सीटें (विधायक) हैं। आप (सरकार) कैसे गिरा सकते हैं? (देश में) तानाशाही है। केजरीवाल ने आरोप लगाया कि भाजपा नेता खुलेआम कह रहे हैं कि वे विधायकों को सीबीआई और ईडी से धमकाएंगे और फिर उन्हें खरीद लेंगे।

आप नेता ने कहा, मैं उनसे (शाह से) कहना चाहता हूं...पंजाब के लोगों को धमकाओ मत, अन्यथा वे आपके लिए पंजाब में प्रवेश करना मुश्किल कर देंगे। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने भी शाह की टिप्पणी को लेकर उनकी आलोचना की। मान ने कहा, क्या आपमें सरकार गिराने की हिम्मत है? हमारे पास 92 सीटें हैं। वे हमें धमकी दे रहे हैं। क्या आप यहां वोट मांगने आ रहे हैं या सरकार गिराने की धमकी दे रहे हैं? वहीं, अमृतसर में केजरीवाल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर जमकर निशाना साधा और उन पर बेरोजगारी और महंगाई के मुद्दे पर चुप्पी साधने का आरोप लगाया। केजरीवाल ने कहा, वह (मोदी) कह रहे हैं कि इंडिया गठबंधन (लोगों की) भैंस और मंगलसूत्र छीन लेगा।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री को जनता की समस्याओं के बारे में बोलना चाहिए। पुरी लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार संबित पात्रा की भगवान जगन्नाथ वाली टिप्पणी को लेकर पार्टी पर निशाना साधते हुए केजरीवाल ने कहा, संबित पात्रा कहते हैं कि भगवान जगन्नाथ मोदी के भक्त हैं। पात्रा ने बाद में स्पष्ट किया था कि उनकी जुबान फिसल गई थी और वह यह कहना चाहते थे कि प्रधानमंत्री भगवान जगन्नाथ के भक्त हैं।

### संक्षिप्त समाचार

## देश में भीषण गर्मी का कहर, 37 शहरों में तापमान 45 डिग्री सेल्सियस से अधिक

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नयी दिल्ली। देश के बड़े हिस्से में रविवार को भीषण गर्मी का कहर देखने को मिला और 37 शहरों में तापमान 45 डिग्री सेल्सियस से अधिक दर्ज किया गया। महाराष्ट्र के अकोला में लू की आशंका को देखते हुए जिलाधिकारी अजीत कुंभार ने 31 मई तक दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 144 लागू कर दी। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) द्वारा राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, पश्चिम उत्तर प्रदेश और गुजरात के लिए रेड अलर्ट जारी किया गया। राजस्थान का फलौदी लगातार दूसरे दिन देश का सबसे गर्म स्थान रहा जहां अधिकतम तापमान 49.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। एक दिन पहले शहर का तापमान 50 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था। आधिकारिक आंकड़ों से पता चला है कि पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश में कम से कम 37 स्थानों पर रविवार को अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस या उससे अधिक दर्ज किया गया। यहां तक कि हिमाचल प्रदेश की पहाड़ियां भी तेज तापमान की चपेट में है। शिमला में 30.6 डिग्री सेल्सियस के साथ इस मौसम का सबसे गर्म दिन रहा, जबकि ऊना में 44.4 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। दिल्ली में कम से कम आठ स्थानों पर अधिकतम तापमान 46 डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज किया गया जिसमें मुंगेशपुर और नजफगढ़ में क्रमशः 48.3 डिग्री सेल्सियस और 48.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हरियाणा के नारनौल में तापमान 47 डिग्री सेल्सियस और पंजाब के फरीदकोट में 47.4 डिग्री सेल्सियस रहा।

## राजकोट गेम जोन में आग लगने से 28 लोगों की मौत

- पुलिस कमिश्नर का तबादला, छह अधिकारी निलंबित

हाई कोर्ट ने कहा– सरकारी मशीनरी पर भरोसा नहीं

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, राजकोट अग्निकांड की चल रही जांच के बीच शहर के पुलिस आयुक्त राजू भार्गव का तबादला कर दिया गया। राज्य सरकार ने फैसले की घोषणा करते हुए कहा, राजू भार्गव की पोस्टिंग प्रतीक्षा में है, उनकी जगह आईपीएस अधिकारी ब्रिजेश कुमार झा लेंगे। राजकोट गेम जोन में आग लगने से 28 लोगों की



मौत के मामले में सोमवार को छह अधिकारियों को निलंबित कर दिया। राजकोट में आग लगने और 28 लोगों की मौत और उनके शवों को पहचान से परे जलाए जाने की घटना के दो दिन बाद, कम से कम दो ऐसी संरचनाओं को प्रमाणित करने में विफल रहने के लिए शहर के नगर निकाय को गुजरात उच्च न्यायालय की आलोचना का सामना करना पड़ा। अदालत तब क्रोधित हो गई जब उसे बताया गया कि दो गेमिंग जोन अग्नि सुरक्षा प्रमाणपत्र सहित आवश्यक परमिट के बिना 24 महीने से अधिक समय से चल रहे हैं, और कहा कि वह अब राज्य सरकार पर ₹भरोसा₹ नहीं कर सकती है। उच्च न्यायालय ने कहा कि उसका सरकारी तंत्र पर से भरोसा उठ गया है, जो निर्दोष लोगों के मारे जाने के बाद ही हरकत में आता है। संबंधित विभागों द्वारा पारित आदेशों के अनुसार, जिन लोगों को निलंबित किया गया है, उनमें राजकोट नगर निगम (आरएमसी) के नगर नियोजन विभाग के सहायक अभियंता जयदीप चौधरी, आरएमसी के सहायक नगर योजनाकार गौतम जोशी, राजकोट सड़क एवं भवन विभाग के उप कार्यकारी अभियंता एम आर सुमा एवं पारस कोठिया और पुलिस निरीक्षक वी आर पटेल और एन आई राठौड़ शामिल हैं। जिस गेम जोन में शनिवार को आग लगी थी, वह आग सुरक्षा संबंधी अनापत्ति प्रमाणपत्र के बिना संचालित किया जा रहा था। राजकोट के पुलिस आयुक्त राजू भार्गव ने रविवार को संवाददाताओं से कहा, गेम जोन को सड़क और भवन विभाग से अनुमति मिल गई थी। उसने आग सुरक्षा एनओसी प्राप्त करने के लिए अग्नि सुरक्षा उपकरण का प्रमाण भी जमा किया था। एनओसी मिलने की प्रक्रिया जारी थी और अभी पूरी नहीं हुई थी। शनिवार शाम राजकोट के नाना-मावा इलाके में टीआरपी गेम जोन में आग लगने से बच्चों समेत 27 लोगों की मौत हो गई थी। इससे पहले अधिकारियों ने कहा कि पुलिस ने गेम जोन के छह साझेदारों और एक अन्य के खिलाफ गैर इरादतन हत्या के आरोप में प्राथमिकी दर्ज की है और दो लोगों को गिरफ्तार किया है।

## चार वर्षीय बच्चे की हत्या के आरोप में पिता गिरफ्तार

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

बलरामपुर, छत्तीसगढ़ के बलरामपुर जिले में चार वर्षीय बच्चे की गला रेतकर हत्या करने के आरोप में पुलिस ने उसके पिता को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि जिले के शंकरगढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत महुआडीह गांव में पुलिस ने कमलेश नगेशिया (26) को अपने पुत्र अविनाश की हत्या करने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया है। उन्होंने बताया कि कमलेश के परिजनों ने जानकारी दी कि शनिवार को कमलेश अचानक पागलों की तरह हरकत करने लगा। पुलिस ने बताया कि वह परिवार के सदस्यों से कहने लगा कि उसके कानों में अजीब सी आवाज सुनाई दे रही है और उसे किसी की बलि चढ़ाने के लिए कहा जा रहा है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि परिजनों ने कमलेश की बातों पर ध्यान नहीं दिया और रात में भोजन के बाद सभी सोने चले गए और कमलेश की पत्नी भी अपने दो बेटों को लेकर अपने कमरे में सोने चली गई। उन्होंने बताया कि रात में कमलेश अचानक उठा और उसने घर के आंगन में एक मुर्गे का गला रेत दिया।

## इंडिया सत्ता में आने पर अग्निपथ योजना को रद्द कर देगा : राहुल गांधी

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने सोमवार को दावा किया कि अगर विपक्षी गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) सत्ता में आएगा तो सेना में अल्पकालिक भर्ती की अग्निपथ योजना को रद्द कर दिया जाएगा और हर महिला के खाते में प्रति माह 8,500 रुपये जमा किए जाएंगे। बिहार के बख्तियारपुर में एक चुनाव रैली को संबोधित कर रहे राहुल ने दोहराया कि नरेन्द्र मोदी फिर से प्रधानमंत्री नहीं बन पाएंगे क्योंकि देश भर में विपक्षी गठबंधन के पक्ष में स्पष्ट लहर है। उन्होंने कहा जब इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी तो अग्निपथ योजना को रद्द कर दिया जाएगा। केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार ने 2022 में अग्निपथ योजना का ऐलान किया था जिसके तहत सेना के



लिए युवा सैनिकों की भर्ती चार साल के लिए करने का प्रावधान है। चार वर्षीय अनुबंध पूरा होने पर 75 फीसदी युवा सैनिकों की सेवा समाप्त कर दी जाएगी तथा शेष 25 फीसदी को ही आगे रखा जाएगा। राहुल गांधी ने यह भी कहा कि अगर लोकसभा चुनाव में बहुमत मिलने पर इंडिया गठबंधन केंद्र में सरकार बनाएगा तो जुलाई से हर माह महिलाओं के खाते में 8500 रुपये जमा किए जाएंगे। इससे हर परिवार की आर्थिक स्थिति में बदलाव होगा। प्रधानमंत्री के परमात्मा द्वारा भेजे जाने संबंधी कथित बयान पर कटाक्ष करते हुए कांग्रेस नेता ने कहा चार जून के बाद अगर भ्रष्टाचार के बारे में प्रवर्तन निदेशालय मोदी से सवाल करेगा तो वह कहेंगे, मैं कुछ नहीं जानता...., मुझे परमात्मा ने भेजा था।

## अखिलेश यादव ने विशाल चुनावी जनसभाओं को किया सम्बोधित

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

गाजीपुर, समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने गाजीपुर में इंडिया गठबंधन समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी अफजाल अंसारी और चंदौली से इंडिया गठबंधन समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी वीरेन्द्र सिंह के पक्ष में विशाल चुनावी जनसभाओं को सम्बोधित कर भारी मतों से जिताने की अपील की।

अखिलेश यादव ने कहा कि पूर्वांचल की हवा पश्चिम से भी तेज चल रही है। इंडिया गठबंधन पूरे पूर्वांचल में भाजपा का सफाया कर रहा है। पूर्वांचल में समाजवादी पार्टी के पक्ष में रिकार्डतोड़ जन समर्थन देखकर भाजपा नेताओं का आत्मविश्वास डगमगा गया है। उन सबकी जुबान भी लड़खड़ा रही है। भाजपा नेताओं की घिसीपिटी बातें और पुराने डॉयलाग अब कोई नहीं सुनना चाहता है। भाजपा नेताओं के झूठ और झूठी बातों को जनता ने नकार दिया है। पूर्वांचल में इंडिया गठबंधन के समर्थन में हवा की



रफ्तार देखकर भाजपा के दिल्ली और लखनऊ से आने वाले नेता थर्रा रहे हैं। उनके समझ में कुछ नहीं आ रहा है। चार सौ पार का नारा देने वाली भाजपा चार सौ सीटे हार रही है।

अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा की हर बात झूठी निकली। इनके हर वादे झूठे निकले। भाजपा सरकार ने दस साल में कोई विकास नहीं किया। आज किसान, नौजवान दुःखी है। भाजपा ने किसानों, नौजवानों को धोखा दिया। आय दुगनी करने का वादा किया था लेकिन तीन काले कानून लाकर किसानों की फसल और जमीन हड़पने का षडयंत्र किया। किसानों ने आंदोलन किया। एक हजार किसान शहीद हुए। भाजपा ने किसानों को अपमानित किया। किसानों के संघर्ष का नतीजा रहा कि भाजपा सरकार को काले कानून वापस लेना पड़ा।

अखिलेश यादव ने कहा कि इंडिया गठबंधन की सरकार किसानों का कर्ज माफ करेगी। किसानों की फसलों को एमएसपी का कानूनी अधिकार दिया जाएगा। भाजपा सरकार ने दस साल में अपने चहेते उद्योगपतियों का 25 लाख करोड़ रुपए का कर्ज माफ कर दिया लेकिन किसानों का कर्ज नहीं माफ किया। कर्ज और गरीबी के कारण पिछले दस साल में एक लाख से ज्यादा किसानों ने आत्महत्या कर ली। भाजपा सरकार ने किसानों की कोई मदद नहीं की। यादव ने कहा कि इस सरकार ने किसानों के साथ ही नौजवानों से भी छल और विश्वासघात किया। हर साल दो करोड़ नौकरी देने का वादा किया था लेकिन न नौकरी दिया और न रोजगार दिया। इस चुनाव में नौजवान भाजपा को सबक सिखाने का काम करेगा। भाजपा सरकार में भर्ती परीक्षाओं के दस पेपर लीक हो गये। सरकार युवाओं को नौकरी, रोजगार नहीं देना चाहती है। इसीलिए जानबूझकर पेपर लीक करा दिये। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार ने नौजवानों की नौकरी तो छीनी ही साथ में एक तिहाई जीवन बर्बाद कर दिया। सरकार ने अग्निवीर योजना लागू करके सेना की नौकरी आधी-अधूरी कर दी।

# चाभी बनाने के बहाने अलमारी से पार किया कीमती गहने नकदी

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ ।आशियाना थाना क्षेत्र में फेरी लगा चाभी बनाने वाले ने चाभी बनाने के बहाने घर की अलमारी के लाकर से कीमती गहने नकदी पार कर दिया ।आशियाना थाना प्रभारी छत्रपाल सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र स्थित सेक्टर एच निवासियों ममता सोनकर पत्नी स्व० ओम प्रकाश सोनकर के अनुसार उनके साथ उनकी पुत्री दमाद नाती रहते हैं। बीते 23 मई की सुबह करीब साढ़े दस बजे फेरी लगा के चाभी ताला बनाने की आवाज सुन चाभी बनाने वाले युवक को घर पर अलमारी की चाभी बनवाने के लिए बुलाया था। आरोप है कि चाभी बनाने वाले ने चाभी बनाते समय अलमारी से लगभग सोने का जेवर 3 जोड़ी टॉप्स, 1 अंगूठी और 1 जोड़ी बाली और 20 हजार रुपये नकद चोरी गया है ।वही पीडिता का कहना था कि फेरी लगा चाभी बनाने वाला युवक उनके घर चाभी बनाने साइकिल से आया था। चोरी की जानकारी उन्हें चाभी बनाने वाले युवक के जाने के बाद हुई ।आरोपित ने क्रीम रंग शर्ट और खाखी पैंट पहना था, सिर पर काला कपड़ा पगड़ी बांधे था, हल्की दाढ़ी रखे हुए और एक बैग लिए हुए था। उसका हुलिया दुबला शरीर का था। घर के पड़ोस में लगे सीसीटीवी कैमरा में भी उपरोक्त व्यक्ति के घर में आते जाते हुए फोटो रिकॉर्ड हुई है ।पुलिस के अनुसार चोरी की जानकारी होने पर पीडिता ने स्थानीय थाने में शिकायत करने के साथ आनलाइन ऋकफ दर्ज कराया है। पीडिता की शिकायत पर चोरी की धारा में मुकदमा दर्ज कर घटना स्थल से मिले सीसीटीवी फुटेज के आधार पर फेरी लगा चाभी बनाने वाले चोर की तलाश की जा रही है।

# मासिक धर्म को लेकर जागरूक बनें और स्वस्थ रहें

## माहवारी स्वच्छ्ता दिवस (28 मई) पर विशेष

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। किशोरावस्था शारीरिक, मानसिक, वैचारिक और सामाजिक बदलावों का दौर होता है। इस दौरान किशोर-किशोरियों को सही सलाह और जिज्ञासाओं व समस्याओं के निदान के बारे में समुचित सही जानकारी मुहैया कराना बहुत ही जरूरी होता है।इसी दौरान किशोरियों में मासिक धर्म या माहवारी की शुरूआत होना भी एक सामान्य प्रक्रिया है ।10 से 15 साल की बालिकाओं में इस दौरान एक तरह का हार्मोनल बदलाव का दौर शुरू होता है। मासिक धर्म के दौरान बेहतर स्वास्थ्य के लिहाज से स्वच्छता और साफ-सफाई का खास ख्याल रखना बहुत ही जरूरी होता है। इसी को ध्यान में रखते हुए हर साल 28 मई को माहवारी स्वच्छ्ता दिवस मनाया जाता है।इस वर्ष इस दिवस की थीम है- #पीरियड फ्रेंडली वर्ल्ड के लिए एकजुट ह्लटुगेदर फॉर ए #पीरियड फ्रेंडली वर्ल्डह्व। यह एकजुटता ऐसी होनी चाहिए कि वैश्विक स्तर पर मासिक धर्म एवं स्वच्छ्ता के सामंजस्य से महिलाओं एवं युवतियों को स्वास्थ्य लाभ मिल सके। नेशनल फेमिली हेल्थ सर्वे (एनएफएचएस-5) 2020-21 के आंकड़े बताते हैं कि उत्तर प्रदेश में 15 से 24 वर्ष आयु वर्ग की 72.6 प्रतिशत युवतियां माहवारी के दौरान स्वस्थ व सुरक्षित तरीकों का इस्तेमाल करती हैं।इनमें शहरी क्षेत्र की 86.7 फीसद और ग्रामीण क्षेत्र की 68.4 फीसद लड़कियां शामिल हैं। एनएफएचएस-4 (2015-16) के आंकड़े की बात करें तो उस दौरान उत्तर प्रदेश में इस आयु वर्ग की महज 47.1 प्रतिशत लडकियां ही माहवारी के दौरान सुरक्षित तरीकों का इस्तेमाल करती थीं। शहरी लड़कियों में यह आंकड़ा 68.6 प्रतिशत था और ग्रामीण इलाकों में रहने वाली लड़कियों का आंकड़ा 39.9 फीसद था। इससे साफ अनुमान लगाया जा सकता है कि महिलाओं में माहवारी में स्वच्छता व उसके प्रबंधन को लेकर औपचारिक ज्ञान में वृद्धि के साथ ही जागरूकता भी आई है, जिसमें सरकारी स्वास्थ्य कार्यक्रमों का अहम योगदान है। इस बारे में पापुलेशन सर्विसेज इंटरनेशनल-इंडिया (पीएसआई-इंडिया) के एक्जेक्युटिव डायरेक्टर मुकेश कुमार शर्मा का कहना है कि ग्रामीण परिवेश के आंकड़ों में कमी का प्रमुख कारण यह है कि यहाँ महिलाएं और महिलाएं कई तरह की समस्याओं से जूझती हैं, जैसे - माहवारी से जुड़ी कई तरह की प्रचलित भ्रांतियां, घर के इस्तेमाल किये गए कपड़े को धूप में सुखाने में हिचकिचाहट आदि, जिसके चलते संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है और उचित माहवारी प्रबंधन का अभाव बना रहता है। मासिक धर्म को लेकर किशोरियों को किसी तरह का तनाव नहीं पालना चाहिए। इस दौरान अपने खानपान का समुचित ध्यान रखने के साथ ही भरपूर आराम भी करना चाहिए। किशोरियों व महिलाओं के समग्र विकास में मासिक धर्म कोई अवरोधक न बने, इसके लिए विभिन्न स्वयंसेवी संस्थाओं ने आगे बढ़कर उन्हें इस बारे में जागरूक करने के साथ ही इस दौरान इस्तेमाल होने वाले सेनेटरी पैड की खूबियाँ भी समझाना शुरू किया है। यह बदलाव का दौर युवतियों के समग्र विकास में एक मील का पत्थर साबित हो सकता है।

# ऑनलाइन जॉब ऑफर मे गवाएं 60 हजार

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ, आशियाना थाना क्षेत्र में रहने वाली एक युवती को साइबर जालसाजों ने ऑनलाइन पार्ट टाइम जॉब का आकर्षण फायदा दिखा युवती से ऑनलाइन 60 हजार रुपए ठग लिऐ पीड़िता ने साइबर सेल में शिकायत कर स्थानीय थाने पर शिकायत की है` पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आईटी एक्ट की धारा में मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कार्यवाई में जुटी है ।आशियाना थाना प्रभारी छत्रपाल सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र के रविखंड एल्डिको उद्यान प्रथम में रहने वाली में रहने वाली जूली कुमारी पुत्री एसपी सिंह के मुताबिक बीते 15 मार्च को ईस्टाग्राम ऐप के माध्यम से ऑनलाइन पार्ट टाईम जॉब का विज्ञापन देख युवती ने जॉब के लिए संपर्क किया जिसपर जालसाजों ने टेलीग्राम समूह में शामिल कर लिया और कुछ टारगेट पुरा करने के निर्देश दिए और शेयरचैट पर रीलो को लाइक करने का कार्य देते थे इस बीच जालसाजों 60 हजार रुपए का पॅकेज खरीदने को कहा जिसपर मुनाफे के साथ वापसी की बात कहा जिसपर पीड़िता विश्वास कर ऑनलाइन रुपए ट्रांसफर कर दिए फिर जालसाजों ने खाता फ्रिज हो जाने की बात कहते हुए और रुपयों की मांग करने लगें अपने संग ठगी का एहसास होने पर पीड़िता ने मामले की जानकारी साइबर सेल को देते हुए स्थानीय थाना आशियाना पर पुलिस से लिखित शिकायत की है` पीड़िता की शिकायत पर आशियाना पुलिस ने शनिवार को आईटी एक्ट की धारा में मुकदमा दर्ज कर अग्रिम विधिक कार्यवाई में जुटी है

## गल्ले से हजारों रुपए चोरी का आरोपी गिरफ्तार

लखनऊ , आलमबाग पुलिस ने थाना क्षेत्र स्थित नटखेडा में संचालित एक महिला स्टोर की दीवार तोड़ गल्ले से हजारों रुपए कैश चोरी करने वाले शातिर को थाना क्षेत्र स्थित गुलाब वाटिका के पास से सोमवार को मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार किया है ।आलमबाग कोतवाली प्रभारी शिव शंकर महादेवन ने बताया कि पकड़े गए आरोपी ने पुलिस पूछताछ में अपना परिचय आकाश सोनकर पुत्र स्व0 दीपू सोनकर जय प्रकाश नगर थाना कृष्णा ? ?नगर लखनऊ निवासी के रूप में दिया है। पकड़े गए शातिर ने थाना क्षेत्र में बीते 15 फरवरी की रात एक डिपारटमेंन्टल स्टोर के ऊपरी हिस्से की दीवार को तोड़कर अन्दर घुस गल्ले में रखा लगभग कैश 25 से 30 रुपये चोरी करना कबूल किया है ।शातिर के पास से डिपारटमेंन्टल स्टोर से चोरी गई बची रकम दो हजार रुपये रकम बरामद किया गया है। पुलिस के अनुसार शातिर को थाने में दर्ज चोरी के मुकदमे के तहत कारवाई कर जेल भेज दिया गया है ।शातिर के खिलाफ राजधानी के कृष्णा नगर कोतवाली में गाली गलौज मारपीट धमकी देने की धारा में मुकदमा दर्ज है ।जहाँ से वह जेल जा चुका है।

# मलिहाबाद से दशहरी आम की गाड़ियां दिल्ली मंडी के लिए रवाना

अमन लेखनी समाचार



मलिहाबाद : दशहरी आम के शौकीनों की प्रतीक्षा जल्द समाप्त होने वाली है। अगले सप्ताह से दशहरी आम बाजार में दिखने लगेगा। मलिहाबादी दशहरी आम की मांग कई प्रदेशों के साथ ही विदेश में भी रहती है, लेकिन इसकी खेप सबसे पहले दिल्ली भेजी जाती है। पहली खेप शनिवार को दिल्ली रवाना करने के साथ ही आम तोड़ने का सिलसिला शुरू हो गया। कारोबारी रामगोपाल यादव ने बताया कि 700 पेटी आम का एक ट्रक दिल्ली रवाना किया है, तो मुसर्रत अली ने दो ट्रक आम दिल्ली मंडी में भेजा है।

### हर दिन 30 से 40 गाड़ियां दिल्ली होंगी रवाना

क्षेत्र से लगभग 30 से 40 गाड़ी आम दिल्ली सहित अन्य मंडियों के लिए प्रतिदिन रवाना होने की उम्मीद है। कानपुर मंडी के आढ़ती दीपक व सुनील ने बताया कि दिल्ली की मंडी शुरू होने के एक सप्ताह बाद ही यहां आम का आना शुरू होता है ।बागवानों के मुताबिक, हर वर्ष 15 मई से आम अन्य प्रदेशों की मंडियों में बिक्री के लिए भेजने का सिलसिला शुरू हो जाता है, लेकिन इस वर्ष फसल तैयार होने में विलंब हुआ है। अगले सप्ताह से लखनऊ में दशहरी आम बाजार में आ जाएगा। कानपुर, झांसी, मुरादाबाद, बनारस, गोरखपुर, इटावा, बरेली व प्रयागराज से आम का आर्डर आ चुका है और भेजने की तैयारी शुरू हो गई है।

### कम है इस बार आम की पैदावार

पिछले वर्ष आम की पैदावार डेढ़ लाख मीट्रिक टन हुई थी, लेकिन इस वर्ष उत्पादन लगभग एक लाख मीट्रिक टन होने की उम्मीद है। मलिहाबादी दशहरी आम का निर्यात पिछले वर्ष दुबई, मस्कट, बहरीन और यूएई में हुआ था। दशहरी आम दिल्ली की मंडियों में रविवार तक पहुंच जाएगा। रात में बिक्री के बाद आम के रेट खुलेंगे।

# नेशनल शूटर ने पिस्टल की बट से ड्राइवर को पीटा

●किडनैपिंग का प्रयास- वीडियो हो रहा वायरल

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ : सफारी कार में ओला टैक्सी की मामूली टक्कर लगने पर नेशनल शूटर विनोद मिश्रा ने ओला चालक को खींच लिया। पिस्टल बट से जमकर पीटा। जान से मारने की धमकी दी। फिर कार में डाल कर ले जाने का प्रयास किया। बवाल बढ़ता देख लोगों ने विरोध किया तब छोड़ा। घटना मंगलवार दोपहर पालीटेक्निक चौराहे के पास बासमंडी के सामने हुई।

विभूतिखंड पुलिस ने ओला टैक्सी (वैगनआर कार) चालक रंजीत शुक्ला की तहरीर पर आरोपित नेशनल शूटर विनोद मिश्रा के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। रंजीत सीतापुर जिले के नैमिषारण के रहने वाले हैं। उन्होंने बताया कि वह काल पर ओला टैक्सी लेकर जा रहे थे। इस बीच बासमंडी के सामने आगे




चल रहे सफारी कार चालक विनोद मिश्रा ने एकाएक ब्रेक मार दी, जिससे ओला की मामूली सी टक्कर लग गई।

### जान बचाने के लिए हाथ जोड़ता रहा ड्राइवर

सफारी सवार विनोद ने गाड़ी रोकी गाली-गलौज करते हुए बाहर निकले। कार से खींच लिया और फिर पिस्टल तानकर जान से मारने की धमकी दी। हाथ जोड़कर माफी मांगी और छोड़ने की गुहार की। इस नेशनल शूटर ने पिस्टल की बट से पेट और पीठ पर मारना शुरू कर दिया। घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। विभूतिखंड पुलिस मौके पर पहुंची दोनों पक्षों को थाने ले गई।

### वीडियो वायरल होने के बाद हरकत में आई पुलिस

घटनास्थल पर खड़े कुछ लोगों ने मोबाइल से वीडियो बना लिया। पिस्टल से ओला चालक को पीटते हुए नेशनल शूटर का वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हो गया। उधर, सूचना पाकर नेशनल शूटर पक्ष से कुछ लोग पहुंच गए। पुलिस पर छोड़ने का दबाव बनाने लगा ।

इंस्पेक्टर सुनील कुमार सिंह ने बताया कि ओला चालक की तहरीर पर आरोपित नेशनल शूटर विनोद मिश्रा के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। विनोद मिश्रा विवेकखंड गोमतीनगर के रहने वाले है। वह मेडिकल का कारोबार करते हैं। बनारस में भी उनका व्यवसाय है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे से लटकता मिला युवक का शव

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर इलाके में सोमवार सुबह एक किशोर ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी का फंदा लगाकर अपनी जान गवां दी। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक एटा जिले के अलीपुर सराय निवासी रामवीर का बेटा हिमल (17) राजधानी लखनऊ के सरोजनीनगर स्थित सैनिक सोसायटी कॉलोनी में राधेश्याम के घर रहकर माली का काम करता था। सोमवार सुबह करीब 8 बजे हिमल काम करने के बाद अपने कमरे में चला गया। काफी देर तक कमरे से बाहर न निकलने पर मकान मालिक किसी काम के लिए उसे बुलाने पहुंचा तो हिमल के कमरे का दरवाजा अंदर से बंद मिला। इस पर राधेश्याम ने कई बार उसे आवाज दी। लेकिन अंदर से कोई जवाब नहीं मिला। इसके बाद राधेश्याम ने खिड़की से झाँक कर देखा तो अंदर का नजारा देख उनके होश उड़ गए। हिमल कमरे के अंदर पंखे के हुक से रस्सी के सहारे मृत अवस्था में लटका था। यह देख राधेश्याम ने आनन-फानन इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़कर हिमल के शव को नीचे उतारा और कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक ने यह कदम क्यों उठाया, इसका कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। उधर सरोजनीनगर थाना प्रभारी शैलेंद्र गिरी के मुताबिक शुरूआती जांच में पता चला है कि हिमल के बड़े भाई सुनील ने काफी दिनों पहले एक युवती से लव मैरिज कर ली थी। तब से हिमल डिस्टर्ब चल रहा था। फिलहाल घटना की जांच पड़ताल की जा रही है।

# कस्टम अधिकारियों ने तस्कर के पास से लाखों रुपए कीमत का सोना किया बरामद

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट पर सोने की तस्करी के मामले थम नहीं रहे हैं। सोमवार को फिर जाँच के दौरान कस्टम अधिकारियों ने एक तस्कर के पास से लाखों रुपए कीमत का सोना बरामद किया। कस्टम अधिकारियों ने सोना जब्त कर पकड़े गए यात्री को हिरासत में लेकर उससे पूछताछ शुरू कर दी है। एयरपोर्ट सूत्रों की माने तो सोमवार को अबू धाबी से लखनऊ एयरपोर्ट पहुंची इंडिगो एयरलाइंस की उड़ान (6ई 1416) से उतरे यात्रियों की जांच पड़ताल की जा रही थी। तभी कस्टम अधिकारियों को एक यात्री पर संदेह हुआ और उन्होंने उसे अलग बुलाकर उससे पूछताछ की। लेकिन पूछताछ में उसने कुछ भी नहीं बताया। बाद में जब कस्टम अधिकारियों ने उसकी बारीकी से जांच पड़ताल की तो उसके पास से मलाशय में छुपा कर लाया गया करीब 793 ग्राम सोना बरामद हुआ। अधिकारियों के मुताबिक यह सोना बिना सीमा शुल्क चुकाए ही विदेश से चोरी छुपे लाया गया था और अंतरराष्ट्रीय बाजार में इसकी कीमत 48,15,525 रुपये है। फिलहाल कस्टम अधिकारियों ने बरामद सोने को जब्त करने के साथ ही पकड़े गए यात्री को हिरासत में लेकर उससे पूछताछ शुरू कर दी है।

## मासूम बच्ची को डरा धमका कर पड़ोसी बनाता था हवस का शिकार

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर इलाके में रहने वाली एक महिला ने अपने पड़ोसी किराएदार पर 8 वषीर्या मासूम बच्ची के साथ छेड़छाड़ करने के साथ ही विरोध करने पर मारपीट करने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है। महिला का कहना है कि उसके पति कानपुर में नौकरी करते हैं। पति काम पर चला जाता है और वह जब घर से बाहर किसी काम से चली जाती है तो उसकी गैर मौजूदगी में पड़ोस में ही किराए पर रहने वाला संतलाल चौहान उसकी 8 वर्षीय बेटी के साथ छेड़छाड़ करता है। महिला का कहना है कि किसी को बताने पर आरोपी आए दिन पीड़ित मासूम को डराता धामकाता है। आरोप है कि जानकारी होने के बाद जब मासूम की मां ने इस बारे में आरोपी से पूछताछ की तो उसके बेटे दीपेश, अभिषेक और एक अज्ञात व्यक्ति ने उसके कमरे में जाकर मासूम बच्ची के पिता के साथ मारपीट की। फिलहाल सरोजनीनगर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करने के बाद एक आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ करने के साथ ही मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

# अयोध्या से दिल्ली जा रही वंदे भारत एक्सप्रेस का एसी फेल, यात्रियों ने काटा बवाल

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। वीआइपी ट्रेन वंदे भारत एक्सप्रेस के यात्री भी भीषण गर्मी का शिकार हो गए। शनिवार को अयोध्या से लखनऊ होकर आनंद विहार जा रही वंदे भारत एक्सप्रेस की एसी चेयरकार बोगी का एसी काम नहीं कर रहा था। ट्रेन लखनऊ पहुंची तो यात्रियों ने नाराजगी जताई।

मौके पर पहुंची आरपीएफ से उसकी नोकझोंक भी हुई। करीब 20 मिनट की देरी से लखनऊ से वंदे भारत एक्सप्रेस रवाना हो सकी। ट्रेन नंबर 22425 अयोध्या-आनंद विहार वंदे भारत एक्सप्रेस अयोध्या से शनिवार दोपहर 03:20 बजे रवाना हुई थी। इसकी बोगी सी-3 में शुरू से ही कूलिंग नहीं हो रही थी। यात्रियों ने इसकी शिकायत कोच अटेंडेंट से की।

ट्रेन शाम 5:15 बजे लखनऊ पहुंची तो सुधांशु मिश्र सहित अन्य




यात्रियों ने प्लेटफार्म पर उपस्थित आरपीएफ और अन्य कर्मचारियों से इसकी शिकायत की। उन्होंने बताया कि वंदे भारत एक्सप्रेस में शुरू से ही दिक्कत थी। इस गडबड़ी को दूर नहीं किया जा रहा था।

लखनऊ में यात्रियों ने सी-3 बोगी के गेट को बंद नहीं होने दिया। इस पर लोको पायलट ने यात्रियों को मनाने की कोशिश की। स्टेशन निदेशक प्रशांत कुमार ने बताया कि वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता मौके पर आए थे। उनके समझाने के बाद ट्रेन को रवाना किया गया।

# रिटायर्ड आईएएस अधिकारी की पत्नी की हत्या मामले में 40 घंटे बाद भी पुलिस के हाथ खाली

●सीसीटीवी में दिखे दो युवकों पर टिकी जांच

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी देवेंद्र नाथ दुबे की पत्नी मोहिनी की हत्या और लूटपाट के मामले में 40 घंटे बाद भी पुलिस के हाथ खाली हैं। कैंट क्षेत्र में सीसीटीवी कैमरे में दिखे स्कूटी सवार दो युवकों को संदिग्ध मानकर पुलिस जांच कर रही है। इसमें स्कूटी चला रहा युवक हेलमेट लगाए है, जिसमें शीशा नहीं है। पीछे बैठा उसका साथी गहरे रंग की शर्ट पहने है और उसके बाल बड़े हैं।





वह एक पिट्ठू बैग भी लिए है।

युवकों की उम्र 30 से 35 साल के बीच है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, ये दोनों युवक वही हैं, जिन्होंने देवेंद्र के इंदिरानगर सेक्टर 20 के आवास में लूट और हत्या की वारदात को अंजाम दिया था। ये दोनों स्कूटी सवार घटना स्थल के पास भी दिखाई दिए थे। पुलिस टीम ने करीब 400 सीसी कैमरे खंगाले, तब जाकर इनकी फुटेज मिली है।

### नोएडा से लखनऊ क्यों नहीं पहुंचा बड़ा बेटा?

दूसरी तरफ पुलिस परिचितों की भूमिका भी जांच रही है ।इंस्पेक्टर थाना गाजीपुर विकास राय ने बताया कि रविवार को पुलिस टीम देवेंद्र के घर गई थी। वहां, शांति पाठ का कार्यक्रम चल रहा था। कुछ देर रुकने के बाद पुलिस ने देवेंद्र से घटना के संबंध में पूछताछ की। पुलिस ने पूछा, गोमतीनगर का जो फ्लैट 90 लाख में बिका था उसकी रकम मोहिनी को कब और कैसे दी थी? इसके अलावा घर में कौन-कौन आता जाता था? उन्हें किसी पर शक तो नहीं? तमाम अन्य बिंदुओं पर जानकारी ली गई। वहीं, छोटे बेटे प्रतीक से भी जानकारियां जुटाई गई हैं, लेकिन उसने कुछ ज्यादा बात नहीं की। वहीं, नोएडा में रहने वाला बड़ा बेटा प्रांजल दूसरे दिन भी लखनऊ नहीं आया। पुलिस का दावा है कि घटना का राजफाश जल्द कर दिया जाएगा। फुटेज में कैद संदिग्धों की तलाश में दबिश दी जा रही है।

### रविवार को हुई थी घटना

रविवार सुबह करीब सात बजे देवेंद्र, ड्राइवर रवि के साथ गोल्फ क्लब गए थे। इस बीच उनके घर में घुसे बदमाशों ने लूटपाट के बाद पत्नी मोहिनी के सिर पर भारी वस्तु से प्रहार कर और दुपट्टे से गला घोंटकर हत्या कर दी थी।

# ...अपनी हार का अंदाजा हो गया

## छठे चरण के मतदान के बाद सपा के मुख्य प्रवक्ता की पहली प्रतिक्रिया

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के मुख्य प्रवक्ता राजेन्द्र चौधरी ने छठे चरण के मतदान के बाद प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि मतदाताओं ने आइएनडीआइए को भारी बहुमत देकर भाजपा का पूरी तरह से सफाया कर दिया है। भाजपा को भी अपनी हार का अंदाजा हो गया है इसलिए वह अराजकता और सत्ता का दुरुपयोग करने पर आमादा हो गई है। लोकतंत्र में भाजपा द्वारा किया जा रहा कृत्य शर्मिंदा करने वाला है। स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव की प्रक्रिया में बाधा डालना लोकतंत्र को कलंकित करना है। मुख्य प्रवक्ता ने कहा कि अंबेडकर नगर में तो टांडा में एक बीएलओ को भाजपाइयों



ने पीट दिया। समाजवादी पार्टी के कार्यकताओं पर लाठीचार्ज कराया। यहां से पार्टी के प्रत्याशी लालजी वर्मा को नजरबंद रखा गया। पूर्व ब्लाक प्रमुख विनोद उर्फ लवकुश वर्मा को भी पुलिस ने घर में बंधक बना रखा। महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, महिलाओं व बेटियों के प्रति बढ़ते अपराध से क्षुब्ध होकर जनता का आक्रोश भाजपा पर फूट पड़ा है।

## मनबढ़ दबंग को किया गया जिलाबदर

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ , आलमबाग क्षेत्र में रहने वाले एक मनबढ़ दबंग को लखनऊ पुलिस कमिश्नरेट ने मुकदमो के आधार पर यूपी गैंगेस्टर एक्ट के तहत कार्यवाई करते हुए कहा कि लखनऊ सीमा से छः माह के लिए जिलाबदर कर दिया है `आलमबाग इंस्पेक्टर एसएस महादेवन ने बताया कि थाना क्षेत्र के छोटा बरहा में रहने वाला मनबढ़ दबंग राहुल पुत्र सुशील सिंह के खिलाफ स्थानीय थाने पर मारपीट धमकी समेत जानलेवा हमला हत्या के आरोप में कई मुकदमे दर्ज है जिसके खिलाफ यूपी गैंगेस्टर एक्ट के तहत कार्यवाई करते हुए उ०प्र० गुण्डा नियंत्रण अधिनियम-1970 के तहत की कार्यवाई कर लखनऊ सीमा से छः माह के लिए जिलाबदर किया गया है इस दौरान लखनऊ सीमा क्षेत्र में पकड़े जाने पर अग्रिम विधिक कार्यवाई करते हुए जेल भेज दिया गया है

## संक्षेप

### निमार्णाधीन मकान में तराई कर रहे युवक की विद्युत करंट से मौत

अमन लेखनी समाचार

पुरवा, उन्नाव।कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ले का रहने वाला 42 वर्षीय युवक निमार्णाधीन मकान में तराई कर रहा था।इसी दौरान करंट उतर आने से वह चपेट में आ गया। चीखने-चिल्लाने की आवाज को सुनकर घर के लोग दौड़े और उसे छुड़ाकर सीएचसी ले गए, जहां डॉक्टरो ने उसे मृत घोषित कर दिया।पुलिस ने शव पीएम के लिए भेजा है।पुरवा क्षेत्र के मोहल्ला मुंशीफकोर्ट कटरा का रहने वाला संजय गुप्ता (42) पुत्र मिश्रीलाल के निमार्णाधीन मकान में काम चल रहा है।सोमवार को वह घर में सबमर्सिबल पम्प से दीवारों की तराई कर रहे थे। इसी दौरान अचानक पम्प में करंट आ गया, जिससे वह चिपक गया।करंट का झटका लगते ही चीखने-चिल्लाने लगा। घर में मौजूद लोग दौड़े और पम्प का तार हटाकर संजय को गम्भीर अवस्था में उपचार के लिए सीएचसी पुरवा ले गए।यहां मौजूद डॉक्टरो ने उसे मृत घोषित कर दिया।मौत की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। इंस्पेक्टर कुंवर बहादुर सिंह ने बताया कि करंट से युवक की मौत हुई है। पीएम कराया गया है। रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा।

### किसान ने पुलिस को किया गुमराह, फायरिंग की सूचना निकली झूठ

अमन लेखनी समाचार

हसनगंज, उन्नाव।क्षेत्र के मीर खेड़ा गांव के बाहर खेत में लगे खरबूजे की रखवाली करने गए किसान के ऊपर अज्ञात लोगों ने फायरिंग कर दी।सूचना पर पहुंची पुलिस की जॉच में घटना फर्जी निकली।कोतवाली क्षेत्र मीर खेड़ा गांव निवासी छोटेलाल रावत पुत्र दुगादीन ने कोतवाली में सूचना देकर बताया कि रविवार रात 1 बजे गांव से 500 मीटर दूर खेत में बोए खरबूजे के खेत की रखवाली करने गया था।5 मिनट बाद ही 4 युवक सामने आते दिखाई दिए।जिसपर आवाज दिया तो 12 बोर तमंचे से फायरिंग कर दी।लेकिन कोई छर्रा नही लगा।सूचना मिलने पर प्रभारी निरीक्षक चंद्रकांत मिश्र ,मोहान चौकी इंचार्ज दीपक कुमार ने पहुंच कर जांच की।जिसपर खेत में 12 बोर का खाली पुराना कारतूस पड़ा मिला।पीड़ित ने देर शाम चार बजे सोसल मीडिया पर बीडीओ शेयर करते हुए घटना फर्जी बताई ग्रामीणों ने बताया की छोटेलाल ने गांव के बनवारी से दो लाख रुपए लिए थे। देने न पड़े इसलिए किसान ने फायरिंग कर फसाने के लिए पुलिस को सूचना दे दी। कोतवाली प्रभारी चंद्रकांत मिश्र ने बताया कि जांच के दौरान घटना फर्जी निकली है अग्रिम कार्यवाही की जा रही है

# योजना का लाभ लेने के लिए किसान कृषि विभाग के पोर्टल पर जाकर करें आवेदन

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। भूमि संरक्षण अधिकारी अशोक कुमार ने बताया है कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में राष्ट्रीय कृषि विकास योजनान्तर्गत जल संचयन हेतु खेत तालाब योजना में जनपद को कुल भौतिक लक्ष्य सं0 54 तालाबों का प्राप्त हुआ है योजनान्तर्गत किसानों को योजना का लाभ पहले आओ पहले पाओं के आधार पर दिया जाएगा। योजना का लाभ लेने के लिए किसान को कृषि विभाग के पोर्टल पर जाकर स्वयं बुकिंग करनी होगी।

खेत तालाब हेतु चयन प्रक्रिया निम्न प्रकार हैः-भौतिक लक्ष्य का 60 प्रतिशत लक्ष्य हेतु वह कृषक पात्रता श्रेणी में आयेगें जिन्होने पूर्व में सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली स्थापित नहीं की है परन्तु अब खेत तालाब के निर्माण के साथ ही सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली स्थापित करने के इच्छुक है ऐसे कृषकों को खेत तालाब का अनुदान तभी देय होगा जब वह सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली स्थापित करने हेतु उद्यान विभाग त्रिपक्षीय अनुबन्ध सत्यापन के समय उपलब्ध करायेगें।

खेत तालाब योजनान्तर्गत अवशेष लक्ष्य 40 प्रतिशत वह कृषक पात्रता श्रेणी में आयेगें जिन्होनें आवेदन तिथि तक विगत 07 वर्षो में उद्यान/कृषि विभाग के माध्यम से अपने खेत पर सूक्ष्म सिचाई प्रणाली की स्थापना की गई हो तथा वह वर्तमान में चालू स्थिति में हो।

कृषि विभाग के पोर्टल पर सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली स्थापित किये जाने के साक्ष्य (उद्यान विभाग का पंजीकरण संख्या एवं शपथ पत्र) के साथ पंजीकरण करेगें। उद्यान विभाग द्वारा अब तक स्थापित कराये गये सूक्ष्म सिचाई प्रणाली के लाभार्थी की सूची कृषि विभाग पोर्टल पर उपलब्ध करायी जायेगी। जिसके आधार पर अदर इन्टरवेन्शन खेत तालाब एवं अन्य सुविधा (पम्पसेट) के लाभार्थी का सत्यापन किया जा सकेगा। खेत तालाब निर्माण हेतु कृषकों को देय अनुदान का भुगतान दो किस्तों में किया जायेगा।

प्रथम किस्त का भुगतान कृषक को निर्धारित न्यूनतम आकार के तालाब की खुदाई (मृदा कार्य) का कार्य पूर्ण करने के उपरान्त किया जायेगा, देय अनुदान की 75 प्रतिशत धनराशि प्रथम किस्त के रूप में डी0बी0टी0 के माध्यम से पूर्ण प्रक्रिया का पालन करते हुए कृषकों के खाते में दी जायेगी। द्वितीय किस्त (शेष 25 प्रतिशत अनुदान) की धनराशि का भुगतान पक्का कार्य (इनलेट) पूण करने एवं पूर्ण सत्यापन सम्बन्धि अभिलेख सम्बन्धित भूमि संरक्षण अधिकारी द्वारा पोर्टल पर अपलोड करने के उपरान्त किया जायेगा। जिसकी एम0आई0एस0फीडिंग भी एक सप्ताह के अन्दर भूमि संरक्षण अधिकारी द्वारा अनिवार्य रूप से सुनिश्चित की जायेगी। खेत तालाब हेतु पी0डी0एम0सी अदर इन्टरवेशन गाइडलाइन के अनुरूप आन लाइन तालाब निर्माण के लिये अनुदान हेतु 50 प्रतिशत धनराशि जिसकी अधिकतम सीमा रू0 52500.00 अनुमन्य है।लाभार्थी द्वारा निर्धारित मानक के खेत तालाब का निर्माण पक्के कार्य सहित जिसका आकार 22७20७3 मीटर है, की खुदाई की जायेगी।

# शारदा नहर के पुल की रेलिंग क्षतिग्रस्त , हो सकता है बड़ा हादसा

अमन लेखनी समाचार



बीघापुर, उन्नाव। बिहार से मौरावां मार्ग पर स्थित शारदा नहर पर बनी पुल की रेलिंग क्षतिग्रस्त हो गयी है जो किसी बड़े हादसे को दावत दे रही है। व्यस्त मार्ग होने से छोटी बड़ी गाड़ियों का आवागमन चौबीस घंटे रहता है। बिहार से मौरावां मार्ग पर केदारखेड़ा गाँव के पास से निकली शारदा नहर पर पुल की संकरी रेलिंग बनी है जिससे एक बार मे एक ही वाहन निकल सकता है।रेलिंग का एक तरफ का हिस्सा पूरी तरह से टूट गया है। जो किसी समय बड़े हादसे को दावत दे रहा है।इस मार्ग से फतेहपुर, बाँदा ,कानपुर आदि से बड़े छोटे वाहन मौरावां मोहनलालगंज होते हुए लखनऊ के लिए आते जाते है।दर्जनों स्कूलों के वाहन सहित लखनऊ आने जाने वाले मरीजों के वाहनो का एक मात्र रास्ता है। रोजमर्रा जरूरतो और ब्लॉक मुख्यालय ,तहसील मुख्यालय, जिला पहुंचने के लिए दर्जनो गांवों के लोग इसी मार्ग पर सफर करते हैं।नहर की स्थापना के समय बने पुल की रेलिंग क्षतिग्रस्त होने पर दो साल पहले नहर विभाग ने पुरानी रेलिंग को तोड़कर ईंट की रेलिंग बनाई थी। घटिया सामग्री प्रयोग होने से रेलिंग फिर क्षतिग्रस्त हो गई है जिससे वाहनों के अनियंत्रित होकर नहर में गिरने की आशंका बनी हुई है।क्षतिग्रस्त होने के बावजूद जिम्मेदार अधिकारी पुलिया की तरफ ध्यान नहीं दे रहे है।

## अनियंत्रित डीसीएम पलटी, चालक समेत दो घायल

अमन लेखनी समाचार




औरास, उन्नाव। थाना क्षेत्र के अंतर्गत गहा खेड़ा मजरे के समीप लखनऊ आगरा एक्सप्रेस वे पर आगरा से लखनऊ जा रही डीसीएम के चालक को झपकी आ गई जिससे गाड़ी अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराते हुए पलट गईजिसमे सवार चालक समेत दो लोग घायल हो गए सभी घायलों को सी एच सी में भर्ती कराया गया जहां डॉक्टरों ने गंभीर हालत देखते तीनो को ट्रामा सेन्टर लखनऊ भेज दिया पवन माथुर पुत्र किशोरी मेहता निवासी पिरोखर मधुबनी बिहार डी सी एम लेकर आगरा से लखनऊ की ओर जा रहा था तभी औरास थाना क्षेत्र के अंतर्गत लखनऊ आगरा एक्सप्रेस वे पर प्वाइंट संख्या 270पर चालक को झपकी आ गई और डी सी एम अनियंत्रित होकर पलट गई जिससे चालक समेत उसमे सवार पंकज पुत्र रामखेलावन निवासी मॉडल सिटी बुद्धेश्वर लखनऊ व राजकिशोर पुत्र पुत्तन निवासी नया गांव सरायघाट एटा घायल हो गए सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र औरास में भर्ती कराया गया जहां डॉक्टरों ने गंभीर हालत देखते तीनो को ट्रामा सेन्टर लखनऊ भेज दिया।

# स्वच्छता को लेकर नगर वासियों को किया जागरूक

अमन लेखनी समाचार



बांगरमऊ, उन्नाव। स्वच्छ भारत मिशन व स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 -25 के अंतर्गत नगर पंचायत गंजमुरादाबाद द्वारा नगर में आम जन को स्वच्छता को लेकर जागरूक करने का पूरा प्रयास किया जा रहा है। नगर पंचायत की अध्यक्ष रूबी व अधिशासी अधिकारी श्री अरविंद सिंह के निदेर्शानुसार जन जागरूकता अभियान के द्वारा नगर वासियों को स्वच्छता व स्वच्छ सर्वेक्षण 2024- 25 के बारे में जागरूक किया जा रहा है। अध्यक्ष प्रतिनिधि मोहम्मद कामिल कुरैशी के नेतृत्व में आज नगर के विभिन्न वार्डों/मोहल्लों में जन जागरूकता अभियान के अंतर्गत नगर वासियों को नगर पंचायत द्वारा जागरूक किया गया। फजलुर्रहमान ने आम नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि गीला कचरा व सूखा कचरा अलग-अलग डस्टबिन में रखें।चार प्रकार के कचरे के बारे में विस्तार से समझाया गया। जिसमें गीले और सूखे कचरे व घरेलू हानिकारक कचरा वाहन में अलग-अलग करके ही डालने पर बल दिया गया।गीले कचरे में सब्जी की कतरन/छिल्का, पेड़ पौधों की पत्तियां, जूठन, फल-फ्रूट के छिलके, इत्यादि तथा सूखे कचरे में कागज, पेपर, पन्नी, प्लास्टिक की बोतल, लकड़ी के टुकड़े, आदि और घरेलू हानिकारक कचरे में पेंट, कीटनाशक के डिब्बे, एलईडी बल्ब, यूट्यूब लाइट, एक्सपायरी दवाइयां, टूटे हुए पारा, थमार्मीटर, टूटी कांच आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इसके साथ ही स्वच्छ सर्वेक्षण 2024- 25 से संबंधित भी नगर वासियों को जानकारी देने के साथ ही उन्हें जागरूक किया गया।तथा स्वच्छ सर्वेक्षण करने वाली टीम द्वारा पूछे जाने वाले सवालों के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई।इस मौके पर नागरिकों के साथ ही नगर पंचायत का स्टाफ भी मौजूद रहा।

## प्रसूता की मौत पर परिजनो ने काटा हंगामा

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। सदर कोतवाली क्षेत्र के आदर्श नगर मोहल्ला नहर के निकट स्थित निजी अस्पताल में ऑपरेशन से प्रसव के कुछ घंटे बाद प्रसूता की मौत हो गई। अस्पताल कर्मियों ने उसे जीवित बता उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया था। परिवार के लोग उसे जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजन शव लेकर नर्सिंग होम पहुंच हंगामा करने लगे।परिवार के लोगों का आरोप है कि डॉक्टर और कर्मियों की लापरवाही से प्रसूता की मौत हुई है। पुलिस के पहुंचने पर परिजन केस दर्ज कराकर डॉक्टर और कर्मियों को गिरफ्तार करने की मांग करने लगे। अस्पताल चौकी प्रभारी ने परिजनों को कार्रवाई का आश्वासन देकर शांत कराया है।अचलगंज थाना क्षेत्र के बाबाखेड़ा गांव के रहने वाले राम नरेश पाल की पत्नी रजनी (22) को शनिवार सुबह परिवार के लोगों ने सदर कोतवाली क्षेत्र के आदर्श नगर मोहल्ला स्थित नहर के निकट स्थित हेल्थ केयर सेंटर में भर्ती कराया था। जहां ऑपरेशन से बेटी को जन्म दिया था।ससुर संतू ने बताया कि डॉक्टर ने 50 हजार रुपए लिए थे।उसकी हालत बिगड़ती रही पर डॉक्टर और कर्मियों ने कुछ भी नहीं बताया। बीती देर रात अचानक उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। उसे लेकर परिजन जिला अस्पताल पहुंचे।जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।परिवार के लोग शव लेकर नर्सिंग होम आए और शव को अस्पताल मुख्य द्वार पर रख हंगामा करना शुरू कर दिया।परिवार के लोगों का आरोप है कि 50 हजार रुपए लेने के बाद भी इलाज में लापरवाही बरती गई।जिसकी वजह से उसकी मौत हो गई।हंगामा की सूचना पर अस्पताल चौकी प्रभारी प्रवीण पुंज मय फोर्स के मौके पर पहुंचे। उन्होंने प्रसूता के परिवार के लोगों को समझाने का प्रयास किया। मगर वह रिपोर्ट दर्ज करवा लापरवाही करने वालों को गिरफ्तार करने की मांग पर अड़ गए।परिजन देर रात तक हंगामा करते रहे। अभी रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई है।

# लंबित विवेचनाओं को लेकर आईजी रेंज लखनऊ ने की समीक्षा

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। आईजी रेंज लखनऊ ने लंबित विवेचनाओं की समीक्षा की तो उन्नाव जिले में भी विवेचनाएं लंबित पाई गई। जिसके बाद आईजी ने लंबे समय से लंबित मामलों की विवेचना निस्तारण के निर्देश दिए।आईजी रेंज के निर्देश पर जिले में लंबित मामलों की सूची में छह माह से अधिक लेकिन दो वर्ष से कम के क्रम में तैयार कराई गई है।इसके बाद एसपी सिद्धार्थ शंकर मीणा ने बीती रात पुलिस लाइन सभागार में जिले के सभी सर्किल के सीओ के साथ लंबित विवेचनाओं के निस्तारण के लिए विवेचकों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए है।लंबे समय से लंबित जालसाजी, हत्या, लूट के मामलों से लगातार पुलिस की भूमिका पर सवाल उठते है इसके निस्तारण के लिए आईजी रेंज से मिले निर्देशों के बाद पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ शंकर मीणा ने विवेचक दरोगाओं को निर्देशित किया है कि वह अपनी लम्बे समय से लंबित विवेचनाओं की सूची तैयार कर लें। इन विवेचनाओं का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण हो। ताकि लोगों को त्वरित न्याय मिल सगे।एसपी ने कहा कि मुकदमा दर्ज होने के बाद विवेचनाओं का शीघ्र निस्तारण नहोने से लोगों का पुलिस पर भरोसा कम होता है। पीड़ित यहां चक्कर लगाकर परेशान होता है। यह स्थिति न आए, इसके लिए सभी विवेचकों को ध्यान देना होगा।मीटिंग के दौरान एसपी ने कहा कि थानों पर तैनात कर्मियों के द्वारा किसी प्रकार की कोई लापरवाही या रिश्वत जैसे ही शिकायत सामने आई तो संबंधित के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी बेहतर है कि थानेदार खुद ही कार्यशैली को सुधार लें।

## दो पक्षों ने जमकर बरसाए एक दूसरे पर लाठी डंडे, कई घायल

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। बारा सगवर थाना क्षेत्र के गांव कुंभी अकबरपुर के मजरे नटुवा खेड़ा में दरवाजे लगे हैंड पाइप में पानी भरने को लेकर विवाद हो गया।

दोनों पक्ष लाठी डंडे लेकर भिड़ गए ।मारपीट में दोनो ओर से सात लोग घायल हो गए पुलिस ने दोनों तरफ से मुकदमा पंजीकृत कर कारवाई की है।

नटुवा खेड़ा निवासी फिरोज पुत्र जमील ने थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया कि दरवाजे लगे हैंड पाइप में पानी भरने को लेकर आए दिन शाहरुख पुत्र मुन्नन ,इब्राहिम पुत्र पप्पू ,नाजिया पत्नी पप्पू ,पप्पू पुत्र मुन्नन, तस्लीम पुत्र मुन्नन गाली गलौज व बच्चों से मारपीट करते हैं।सोमवार दोपहर पानी भरने घर के बच्चे गए हुए थे जिसमें उपरोक्त पांचों लोगों ने बच्चों के साथ मारपीट की मारपीट में मुझे व शाहरुख पुत्र असगर को गंभीर चोटे आई हैं।वही दूसरे पक्ष से इब्राहिम पुत्र पप्पू ने थाने में तहरीर देकर फिरोज पुत्र जमील तथा शाहरुख पुत्र असगर पर घर पर चढ़कर मारपीट करने का आरोप लगाया है।

थाना अध्यक्ष अखिलेश कुमार तिवारी ने बताया कि दोनों ओर से मिली तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। घायलों की डॉक्टरी परीक्षण हेतु भेजा गया है।सौ शैय्या अस्पताल अस्पताल के सीएमएस डॉक्टर आरके रमन ने बताया कि गंभीर रूप से एक पक्ष से घायल फिरोज को वहीं दूसरे पक्ष से शाहरुख, इब्राहिम, नाजिया, पप्पू, तस्लीम को जिला चिकित्सालय भेजा गया है।

## चौकी इंचार्ज को एसपी ने किया लाइन हाजिर

अमन लेखनी समाचार




उन्नाव। अचलगंज थाना क्षेत्र के चौकी इंचार्ज का सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल हुआ। जिसमें वह पुलिस चौकी में अर्धनग्न अवस्था में कुर्सी पर बैठे है।वहीं चौकी परिसर में ही धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन चल रहा था। जिसमें करीब 50 से अधिक महिलाएं शामिल थी। मामले को एसपी ने संज्ञान में लिया और उन्होंने जांच सीओ बीघापुर को दी है।इसके साथ ही एसपी ने दरोगा को लाइन हाजिर कर दिया है।अचलगंज थाना क्षेत्र के कुल्हागड़ा चौकी परिसर के अंदर कथा भागवत का आयोजन चल रहा है। जिसमें सुबह शाम सैकड़ों की संख्या में महिलाएं शामिल होती हैं।रविवार को सोशल मीडिया पर एक 29 सेकेंड का वीडियो वायरल हुआ। जिसमें चौकी परिसर के अंदर ही चौकी इंचार्ज राम निवास यादव अंडरगारमेंट्स में बैठे दिखाई दिए।दरोगा के अर्धनग्न अवस्था में बैठने को लेकर महिलाएं शर्म के मारे मुंह मोडती नजर आई।वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ शंकर मीणा ने मामले को संज्ञान में लिया और उन्होंने पूरे मामले की विस्तृत जांच रिपोर्ट क्षेत्राधिकारी बीघापुर माया राय को सौंपी है।इसके साथ ही एसपी ने प्रथम दृष्टया लापरवाही होने पर दरोगा को लाइन हाजिर कर दिया। वही दरोगा ने बताया कि वह कपड़े धुल रहे थे इसी दौरान लाइट चली गई इसलिए वह कुर्सी पर आकर बैठ गए मेरा कोई ऐसा इंटेंशन नहीं था।दरोगा ने वीडियो वायरल कर अपनी सफाई दी

# बाढ़ राहत योजना तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी ने की बैठक

अमन लेखनी समाचार




उन्नाव।विकास भवन सभागार में बाढ़ राहत योजना की तैयारियों को लेकर डीएम गौरांग राठी ने अफसरों के साथ बैठक की। डीएम ने गंगा और सई नदी से संभावित बाढ़ क्षेत्र में राहत पहुंचाने के उद्देश्य से बाढ़ चौकियों को सक्रिय करने और क्षेत्रीय मल्ललाहों व नावों की सूची तैयार कर बाढ़ आने पर तत्काल राहत के लिए सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।बैठक में डीएम ने कहा तहसील सदर, सफीपुर, बांगरमऊ, बीघापुर में गंगा एवं सई नदी से बाढ़ के मद्देनजर ये संवेदनशील क्षेत्रों में आते हैं। इसके लिए पहले सभी तैयारियां पूरी कर ली जाएं।बाढ़ राहत योजना साल के तहत भौगोलिक स्थिति, बाढ़ चेतावनी, जनपद बाढ़ स्तर, पिछले 20 साल में बाढ़ की स्थिति, बाढ़ क्षेत्रों में अनुश्रवण के लिए स्टीयरिंग ग्रुप का गठन, बाढ़ नियंत्रण कक्ष, बाढ़ केन्द्र, उप केन्द्र व बाढ़ सम्बन्धी सूचनाओं के संबंध में चर्चा की। सिंचाई, लघु सिंचाई, नगर विकारा, खाद्य एवं रसद पंचायतीराज ग्राम विकास, पुलिस, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, कृषि एवं उद्यान, पशुधन व ऊर्जा आदि के अधिकारियों को बाढ़ राहत के लिए योजनाएं तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।डीएम ने बाढ़ में यातायात के साधनों की समीक्षा करते हुए सदर तहसील में 185, सफीपुर में 27, बीघापुर में 21 तथा बांगरमऊ में 43 नार्थी के नाचिकों को सक्रिय करने को कहा। इसके साथ ही पीएसी की सहायता, सैनिक सहायता, बाड़ सहायता कार्यों में जन सहयोग, सात सामश्री आपूर्ति, राहत सामग्री पहुंचाने की व्यवस्था, बाड़ संबंधी सूचना प्रसारण, बाढ़ से हुई क्षति के आकड़ों का प्रेषण, चिकित्सा व्यवस्था, वर्षा के आंकड़ें, नदियों का जलस्तर, बाढ़ संबंधी सूचनाएं तथा जल प्लावित क्षेत्र में पानी की निकासी व्यवस्था व सड़क कटान रोकथाम के संबंध में विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा की।

## बाइक की टक्कर से महिला मजदूर की इलाज के दौरान मौत

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव।अजगैन कोतवाली क्षेत्र के लखनऊ-कानपुर हाईवे पर बाइक की टक्कर लगाने से महिला मजदूर के जख्मी होने पर देर रात इलाज दौरान मौत हो गई। पोस्टमार्टम बाद परिजन मुआवजे की मांग को लेकर शव को लेकर निमार्णाधीन यूनिवर्सिटी गेट लेकर पहुंचे और हंगामा करते हुए गेट तोड़कर ईंट-पत्थर चलाने लगे।इससे गाड़ों और कर्मियों में भगदड़ मच गई।पुलिस ने मौके पर पहुंच प्रबंध तंत्र व परिजनों से बातचीत कर मामला शांत करवाने का प्रयास किया। मगर मामले में कोई निष्कर्ष नहीं निकल सका। पुलिस लगातार मैनेजर ठेकेदार से वार्ता कर रही है।असोहा थाना क्षेत्र के नरसिंहपुर गांव के रहने वाले रेखा (35) नवाबगंज हाईवे स्थित निमार्णाधीन यूनिवर्सिटी में श्रमिक का कार्य करती थीं। बीती शाम काम समाप्त होने के बाद वह घर जा रही थीं।हाईवे पर सड़क पार करते समय अजगैन थाना क्षेत्र के जैतीपुर गांव निवासी बाइक सवार आदित्य (20) पुत्र रवि प्रकाश ने महिला श्रमिक रेखा को टक्कर मार घायल कर दिया था। हादसे के बाद परिजन सीएचसी व जिला अस्पताल के बाद इलाज के लिए उसे निजी अस्पताल ले गए, जहां देर रात उसकी मौत हो गई थी।परिजन काफी लोगों के साथ शव को लेकर यूनिवर्सिटी गेट पर पहुंचे और मुआवजा को लेकर हंगामा करते हुए गेट के अन्दर घुस गए, जिससे कर्मियों में भगदड़ मच गई। जानकारी मिलते ही इंस्पेक्टर मय फोर्स के मौके पर पहुंचे और मामले को शांत करने के लिए जिम्मेदारों से बात करने की कोशिश की, पर बात नहीं हो सकी। यूनिवर्सिटी प्लांट मैनेजर जगरूप सिंह से बात करने पर बताया कि मुआवजे की बात की जानकारी ऊपर अधिकारियों को दे दी गई है। अभी कोई जवाब नहीं आया है।इंस्पेक्टर अवनीश सिंह ने बताया कि ठेकेदार ऋषि के माध्यम से मृतका रेखा काम करती थी। उससे यूनिवर्सिटी का कोई लेना देना नहीं है।ठेकेदार को बुलवाया गया है।

## विद्युत करंट की चपेट से महिला की मौत

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। अचलगंज थाना क्षेत्र के सुपासी गांव की रहने वाली विधवा महिला एचटी लाइन के टूटे पड़े तार की चपेट में आकर करंट लगने से मौत हो गई। मौत को लेकर नाराज परिजन व ग्रामीणों ने पांच घंटे तक हंगामा कर शव को नहीं उठने दिया और बिजली विभाग के अधिकारियों को मौके पर बुलाए जाने की बात पर अड़े रहे।सूचना पर पहुंचे एसओ ने परिजनों से मुआवजा दिलाए जाने का आश्वासन दिए जाने के बाद मामला शांत हुआ। उसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

अचलगंज थाना क्षेत्र के सुपासी गांव की रहने वाली विधवा राम बेटी गांव के बाहर स्थित खेत से बोरी में मिट्टी लेकर आ रही थी। गांव जाने वाले कच्चे रास्ते में एचटी लाइन का तार टूटा कर गिर पड़ा था। जिससे उसमें करंट प्रवाहित हो रहा था। इसी दरम्यान रामबेटी का उसमें पैर पड़ने से करंट की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई। मृतका रामबेटी के बेटे विक्रम ने बताया कि घटना की सूचना पाते ही बिजली कर्मी पहुंचे और टूटे तार को जोड़ कर भाग गए। अब बिजली दुर्घटना होने से इंकार कर रहे हैं।सूचना पर पहुंची बदरका चौकी पुलिस को ग्रामीणों ने शव को नहीं उठाने दिया।वह बिजली अभियंता को मौके पर बुलाने की मांग पर अड़े रहे। घटना को लेकर परिजन घंटों हंगामा करते रहे।मृतका राम बेटी के दो बेटे व दो बेटियों में एक बेटी की शादी हो चुकी है।मृतका राम बेटी के पति की पहले ही मौत हो चुकी है।मां की मौत होने से बच्चों के अनाथ हो जाने से ग्रामीण मुआवजा दिलाने की मांग पर अड़े रहे।थाना प्रभारी संजीव कुमार ने सरकारी मुआवजा दिलाने व दोषी के विरुद्ध कार्रवाई के आश्वासन पर मामला शांत हुआ। पांच घंटे बाद पुलिस ने शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेज सकी। एसडीओ रवि यादव ने कहा कि मामले की जांच प्रशासनिक अधिकारी स्तर से की जा रही है। कार्रवाई की जाएगी।

## सम्पादकीय

# चुनाव आयोग पर बार-बार अविश्वास करना ठीक नहीं

राष्ट्र के नगरिकों को अपने राष्ट्रीय निकायों पर भरोसा होना चाहिए। केंद्रीय निर्वाचन आयोग पर अदालत के माध्यम से बार-बार अविश्वास जाहिर करना सही नहीं है। उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को एक गैर-सरकारी संगठन की वह याचिका खारिज कर दी, जिसमें निर्वाचन आयोग को मतदान केंद्र-वार वोटिंग प्रतिशत के आंकड़े वेबसाइट पर अपलोड करने के निर्देश देने का अनुरोध किया गया था। न्यायालय ने कहा कि चुनाव के दौरान 'व्यावहारिक दृष्टिकोण' अपनाया जाना चाहिए। चूंकि चुनाव आयोग की पूरी मशीनरी चुनाव कराने में व्यस्त है, चुनाव आयोग के पास कोई बड़ा मैनपावर स्ट्रेंथ भी नहीं है, ऐसे में बीच चुनाव के दौरान निर्वाचन आयोग पर दबाव बनाना पक्षपातपूर्ण लगता है। यह मान लेना कि चुनाव आयोग निष्पक्षता से चुनाव नहीं करवा रहा है या यह मान लेना कि सत्ता पक्ष के प्रति निर्वाचन आयोग नरम है या यह मान लेना कि चुनाव संबंधी आंकड़े में भी कोई गड़बड़ी प्रायोजित की जा सकती है, ये सब आयोग की साख को प्रभावित करते हैं। अवकाशकालीन पीठ ने कहा कि वह इस वक्त ऐसा कोई निर्देश जारी नहीं कर सकती, क्योंकि चुनाव के पांच चरण संपन्न हो चुके हैं और दो चरण बाकी हैं तथा ऐसे में निर्वाचन आयोग के लिए लोगों को काम पर लगाना मुश्किल होगा। शीर्ष अदालत ने गैर-सरकारी संगठन 'एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स' (एडीआर) की ओर से दाखिल वादकालीन याचिका (आईए) यह कहते हुए स्थगित कर दी कि इसे चुनाव बाद नियमित पीठ के समक्ष सूचीबद्ध किया जाएगा। पीठ ने कहा कि प्रथमदृष्टया ऐसा प्रतीत होता है कि अर्जी में किए गए अनुरोध इसी मुद्दे पर 2019 से लंबित मुख्य याचिका के समान हैं। पीठ ने कहा, इसे (आईए) लंबित रिट याचिका के साथ लिया जाना चाहिए, क्योंकि चुनावों के दौरान व्यावहारिक दृष्टिकोण अपनाना होगा। पीठ ने यह भी कहा कि 'आईए में कोई भी राहत देना मुख्य याचिका में राहत देने के समान होगा, जो पहले से ही लंबित है।' दरअसल, हकीकत को समझे जाने की जरूरत है, न कि बीच में प्रक्रिया में बदलाव करके निर्वाचन आयोग पर बोझ डालने की। उच्चतम न्यायालय ने 17 मई को एडीआर की याचिका पर निर्वाचन आयोग से एक हफ्ते के अंदर जवाब मांगा था, जिसमें लोकसभा चुनाव के प्रत्येक चरण का मतदान संपन्न होने के 48 घंटे के अंदर मतदान केंद्र-वार मत प्रतिशत के आंकड़े आयोग की वेबसाइट पर अपलोड करने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया है। एडीआर ने 2019 की अपनी जनहित याचिका में एक वादकालीन याचिका दायर की थी। मूल जनहित याचिका में एडीआर ने निर्वाचन आयोग को यह निर्देश देने का न्यायालय से अनुरोध किया है कि सभी मतदान केंद्रों के 'फॉर्म 17 सी भाग-प्रथम (रिकॉर्ड किए गए मत) की स्कैन की गई सुपाठ्य प्रतियां' मतदान के तुरंत बाद अपलोड की जाएं। निर्वाचन आयोग ने हलफनामा दाखिल कर एनजीओ की मांग का विरोध किया और कहा कि इससे चुनावी माहौल 'खराब' होगा और आम चुनावों के बीच चुनावी तंत्र में 'अराजकता' पैदा होगी। हमें चुनाव आयोग की बातों को भी गंभीरता से लेनी चाहिए। हर बात के लिए आयोग की आलोचना ठीक नहीं है, बार बार उसे अदालत में घसीटना भी ठीक नहीं है। ईवीएम पर भी बार बार सवाल उठाए जाते रहे हैं, जबकि ईवीएम की तकनीक सुरक्षित है।



दरकार

सतीश सिंह

> वातावरण में एक निश्चित तापमान होने के कारण पृथ्वी पर जीवन है, लेकिन आज उद्योगों, पेड़ों की कटाई, विविध उपकरणों जैसे फ्रिज, शीत ताप नियंत्रक आदि के कारण कार्बन डाइऑक्साइड, मीथेन, नाइट्रस ऑक्साइड, क्लोरो-फ्लोरो कार्बन आदि गैसों का उत्सर्जन हो रहा है, जिससे ग्रीन हाउस गैसों की परत मोटी होती जा रही है और ये सूर्य से अधिक ऊर्जा सोखकर पृथ्वी तक पहुंचा रहे हैं, जिससे पृथ्वी के तापमान में बढ़ोतरी हो रही है और इंसानों का जीना मुहाल हो रहा है। अभी देर नहीं हुई है, कोशिश करने पर कार्बन डाइऑक्साइड, मीथेन, नाइट्रस ऑक्साइड, क्लोरो-फ्लोरो कार्बन आदि के उत्सर्जन पर लगाम लगाया जा सकता है।

# बढ़ते तापमान पर नियंत्रण जरूरी

अमेरिका के हॉवर्ड विश्वविधालय के अर्थशास्त्री एड्रियन बिलाल और नॉर्थ वेस्टर्न विश्वविधालय के अर्थशास्त्री डिएगो आर कांजिंगाने हाल ही में अपने अध्ययन के निहितार्थों की घोषणा करते हुए कहा कि अगर वैश्विक तापमान में 1 प्रतिशत की वृद्धि होती है तो वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) को 12 प्रतिशत तक का नुकसान हो सकता है, जबकि दीर्घकालीन कल्याणकारी योजनाओं पर 31 प्रतिशत का नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है, जो हालात के नहीं सुधरने पर 2100 तक बढ़कर 52 प्रतिशत हो सकता है। इन दोनों अर्थशास्त्रियों का मानना है कि वैश्विक तापमान में मौजूदा स्तर से 1 डिग्री सेल्सियस वृद्धि होने पर आर्थिक उत्पादन में 12 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की जा सकती है, जिसकी भरपाई 10 साल में भी नहीं की जा सकती है। अर्थशास्त्रियों का यह भी मानना है कि अगर वैश्विक तापमान में वृद्धि नहीं होती तो प्रति व्यक्ति उत्पादन 37 प्रतिशत अधिक हो सकता था।

वातावरण में एक निश्चित तापमान होने के कारण पृथ्वी पर जीवन है, लेकिन आज उद्योगों, पेड़ों की कटाई, विविध उपकरणों जैसे फ्रिज, शीत ताप नियंत्रक आदि के कारण कार्बन डाइऑक्साइड, मीथेन, नाइट्रस ऑक्साइड, क्लोरो-फ्लोरो कार्बन आदि गैसों का उत्सर्जन हो रहा है, जिससे ग्रीन हाउस गैसों की परत मोटी होती जा रही है और ये सूर्य से अधिक ऊर्जा सोखकर पृथ्वी तक पहुंचा रहे हैं, जिससे पृथ्वी के तापमान में बढ़ोतरी हो रही है और इंसानों का जीना मुहाल हो रहा है। कार्बन डाइऑक्साइड का मुख्य स्त्रोत ईंधन या कोयला है, जबकि खेती-किसानी से मीथेन और नाइट्रस ऑक्साइड गैसों का उत्सर्जन हो रहा है। क्लोरो-फ्लोरो कार्बन का मुख्य स्त्रोत फ्रिज और शीत ताप नियंत्रक उपकरण हैं। ये दोनों उपकरण पर्यावरण को सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचाते हैं। जंगलों की अंधाधुंध कटाई की वजह से वातावरण में कार्बन डाइऑक्साइड की मात्रा बढ़ रही है, क्योंकि इसे सोखने का काम पेड़-पौधे करते हैं। वर्ष 1750 की औद्योगिक क्रांति के बाद से कार्बन डाइऑक्साइड के स्तर में 30 प्रतिशत से अधिक की बढ़ोतरी हुई है, जबकि मीथेन के स्तर में 140 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। स्थिति इतनी गंभीर है कि वायुमंडल में कार्बन डाइऑक्साइड का स्तर आठ लाख वर्षों के उच्च्च्तम स्तर पर पहुंच गया है। वायुमंडल के तापमान में वृद्धि को ग्लोबल वार्मिंग कहते हैं। विगत 100 वर्षों में पृथ्वी के औसत तापमान में 0.8 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी हुई है, जिसमें 0.6 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी विगत 3 दशकों में हुई है। बीते कुछ दशकों में समुद्र के जल स्तर में हर साल 3 मिलीमीटर की बढ़ोतरी हुई है, क्योंकि हर साल 4 प्रतिशत की दर से ग्लेशियर पिघल रहे हैं। एक अनुमान के मुताबिक वर्ष 1850 की तुलना में 21वीं सदी के अंत तक पृथ्वी का तापमान 1.5 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ जाएगा। कभी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने कहा था कि 'प्रकृति हमारी जरूरतों को सदियों तक पूरा कर सकती है, लेकिन हमारे लालच को नहीं।' अभी पृथ्वी का औसत तापमान लगभग 15 डिग्री सेल्सियस है, लेकिन हमारे लालच के कारण यह निरंतर बढ़ रहा है,




जिससे मौसम का मिजाज बिगड़ने लगा है। हम प्राकृतिक संसाधनों का अंधाधुंध दोहन कर रहे हैं। जंगल कंक्रीट का जंगल बन गया है। नदी, तालाब, नहर को हमने अपना घर बना लिया है। हवा को भी हमने जहर बना दिया है, इसलिए कभी गर्मी के मौसम में बारिश हो रही है तो सर्दी के मौसम में भीषण गर्मी पड़ रही है। पहाड़ में भी तापमान 40 डिग्री की सीमा को पार कर रहा है।

पृथ्वी का 70.8 प्रतिशत हिस्सा समंदर है और समंदर से जमीन औसतन 20 सेंटीमीटर ऊपर है। वायुमंडल के गर्म होने से समंदर का विस्तार होता है और हिमखंड पिघलने से समंदर के पानी में बढ़ोतरी होती है। जलवायु परिवर्तन पर हुए पेरिस समझौते के अनुसार पृथ्वी के तापमान को 1.5 डिग्री सेल्सियस से नीचे रखना है। अगर इस समझौते का अक्षरशः अनुपालन किया जाए तो भी वर्ष 2100 तक समंदर के स्तर में 50 सेंटीमीटर की बढ़ोतरी हो जाएगी, जिससे जान-माल दोनों का भारी नुकसान होगा। इससे विश्व के कुल सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 1.8 प्रतिशत संपत्ति का नुकसान हर साल होगा। फिलहाल विश्व की 7.5 बिलियन आबादी समंदर की सतह से महज 1.5 मीटर की ऊंचाई पर रहती है, जिसके कारण वर्ष 2050 तक 1.4 बिलियन आबादी समंदर में समा जाएगी। दुनिया के कई शहर जैसे आस्ट्रिया, किरीबाती,भारत और चीन के कई तटीय इलाके आदि इसमें शामिल हो सकते हैं। वायुमंडल के तापमान में बढ़ोतरी से आने वाले दिनों में जल की कमी, खाद्यान्न उत्पादन में कमी, सूखा-बाढ़, तूफ़ान आदि प्राकृतिक आपदाओं में बढ़ोतरी होगी, जिससे इंसान एवं अन्य जीव-जंतुओं का जीना मुश्किल हो जाएगा। कई वनस्पतियों का अस्तित्व भी खत्म हो सकता है। एक अनुमान के अनुसार तापमान में 1 प्रतिशत की वृद्धि से आर्थिक विकास दर में हर साल 0.9 प्रतिशत की कमी आ सकती है। तापमान वृद्धि का नकारात्मक प्रभाव निम्न एवं मध्यम आय वाली अर्थव्यवस्थाओं पर पड़ेगा।

जलवायु परिवर्तन के दुष्परिणाओं को रोकने में आर्थिक एवं विकास की स्थिति के अनुरूप विविध देशों को जीडीपी के 5 से 20 प्रतिशत तक की राशि खर्च करनी पड़ सकती है। विश्व बैंक की एक रिपोर्ट के अनुसार जलवायु परिवर्तन की वजह से 45 मिलियन भारतीय गरीबी रेखा के नीचे जा सकते हैं और भारत में बड़े पैमाने पर आय में असमानता बढ़ सकती है। समंदर का तापमान बढ़ने से कोरल रीफ़ शनैः शनै नष्ट हो जाएगा, जिससे प्रति वर्ष 375 बिलियन डॉलर का नुकसान हो सकता है। हमें मर्ज का इलाज मालूम है। केवल शुरू करने की जरूरत है। अक्षय ऊर्जा को बढ़ावा देकर और वृक्षारोपण से कार्बन डाइऑक्साइड की मात्रा को कम किया जा सकता है। पेट्रोल-डीजल चालित वाहन की जगह गैर मोटर चालित वाहन, जैसे साइकिल, रिक्शा आदि का ज्यादा से ज्यादा इस्तेमाल करने से पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने वाले गैसों के उत्सर्जन को रोका जा सकता है। लंबी दूरी के सफर को ई-वाहन के जरिये पूरा किया जा सकता है। हमारे देश में साइकिल और रिक्शा का अधिकतम प्रयोग मुमकिन भी है। ऊर्जा और संसाधन शोध संस्थान के विश्लेषण से पता चलता है कि भारतीय शहरों में यात्रा की 60 प्रतिशत लंबाई 5 किमी से कम और 80 प्रतिशत लंबाई 10 किमी से कम है। यदि 5 किमी की औसत दूरी को साइकिल से और 10 किमी की औसत दूरी के 50 प्रतिशत हिस्से को भी साइकिल से तय किया जाये तो पर्यावरण को तो लाभ होगा ही साथ खरबों रुपये की बचत भी होगी।

अभी देर नहीं हुई है, कोशिश करने पर कार्बन डाइऑक्साइड, मीथेन, नाइट्रस ऑक्साइड, क्लोरो-फ्लोरो कार्बन आदि के उत्सर्जन पर लगाम लगाया जा सकता है, लेकिन इसके लिए हमें अपने लालच एवं स्वार्थ को त्यागना होगा। अगर हम विकास और प्रकृति के बीच संतुलन बनाकर चलेंगे तो निश्चित रूप से जलवायु परिवर्तन की मौजूदा रफ्तार में कमी आएगी।

## सारा संसार



*जयपुर के बाहरी इलाके में स्थित, गलताजी मंदिर एक प्रागैतिहासिक हिंदू तीर्थ स्थल है। इस मंदिर में आपको कई मंदिर, पवित्र कुंड, मंडप और प्राकृतिक झरने देखने को मिल जाएंगे। गलताजी मंदिर खूबसूरत पहाड़ियों में बसा हुआ है, जिसे देखने के लिए हर साल पर्यटकों की भीड़ जमा रहती है।*

## हमें वैराग लेकर भगवान को नहीं पाना है



संकलित

दर्शन

परिवार में कोई बीमार हो तो दूसरे व्यक्ति के शरीर पर भी असर होता है। अगर बच्चों का विवाह नहीं हुआ है, अच्छा लड़का या लड़की नहीं मिली है, पढ़ाई ठीक से नहीं कर पाए हैं तो इन पर ध्यान दिया जाना जरूरी है। हमें वैराग लेकर भगवान को नहीं पाना है। बल्कि हम जहां हैं, वहां रहकर भगवान को ऊपर से नीचे उतारना है। भगवान उतरते हैं। दशरथ के घर उतरे हैं, वासुदेव की जेल में उतरे हैं। हम वैराग लेकर उन्हें ऊपर खोजने जाएं, यह भी एक गति है, लेकिन क्यों न हम एक एक पारिवारिक दायित्व पूरा करते-करते उन्हें नीचे बुला लें। हम नरसिंह मेहता नही है। हम मीरा और भर्तृहरि नहीं हैं। मनु और शतरूपा ने वैराग का पथ लिया तो भी परिवारिक दायित्व को पूरा किया। भजन का मतलब यह नहीं कि आप सबको नजरअंदाज करें, सबकी उपेक्षा करें। भजन में पारिवारिक स्वास्थ्य आवश्यक है। आत्मा की तंदुरुस्ती के विषय में मैं खुलासा कर दूं कि आत्मा बीमार नही है। मन बीमार हो सकता है, आत्मा कहां बीमार होती है। जैसे सूरज तंदुरुस्त है, लेकिन बादल से आवृत्त होने पर सूरज दिखना बंद हो जाता है। वैसे ही स्थिति हमारी आत्मा की है। जैन परंपरा कहती है कि आत्मा पर कई तरह के कशाय के बादल छा जाते हैं। इसी रूप में आत्मा अस्वस्थ नहीं हो सकती। आत्मा बूढ़ी नहीं हो सकती। शरीर जन्म लेता है, आत्मा जन्म नहीं लेती। ये तो सीधी-सी बात है।

## समस्याएं तो आती-जाती रहेंगी, हमें रुकना नहीं चाहिए



संकलित

प्रेरणा

एक व्यक्ति बहुत दुखी था। उसके पिता की मृत्यु हो चुकी थी, पूरे घर की जिम्मेदारी उस पर आ गई थी। बहुत मेहनत करने के बाद भी उसकी समस्याएं खत्म नहीं हो रही थीं। वह निराश रहने लगा था। एक दिन उस व्यक्ति को एक विद्वान संत मिले। व्यक्ति ने संत से कहा कि मैं बहुत परेशान हो गया हूं। मुझे अपना शिष्य बना लीजिए।संत ने कहा कि ठीक है, तुम शिष्य बन जाना, लेकिन पहले अपनी परेशानी बताओ। शिष्य ने कहा कि गुरु जी मेरे जीवन में एक समस्या खत्म नहीं होती है और उससे पहले ही दूसरी सामने आ जाती है। इस कारण मैं बहुत दुखी हूं। किसी भी काम में सफलता नहीं मिल पाती है, घर की भी समस्याएं बनी रहती हैं। गुरु ने कहा कि तुम मेरे साथ चलो। वह व्यक्ति संत के साथ चल दिया। कुछ देर में संत और शिष्य पास की नदी के किनारे पहुंच गए। किनारे पर पहुंचकर गुरु ने कहा कि हमें ये नदी पार करनी है। इतना कहकर संत किनारे पर ही खड़े हो गए। शिष्य भी गुरु के साथ खड़ा रहा। कुछ देर बाद शिष्य ने कहा कि हमें नदी पार करनी है तो हम यहां क्यों खड़े हैं? गुरु ने कहा कि हम इस नदी के सूखने का इंतजार कर रहे हैं, जब ये सूख जाएगी, हम इसे आसानी से पार कर लेंगे। ये बात सुनकर शिष्य बहुत हैरान हो गया। वह बोला कि गुरु जी ये कैसी बात कर रहे हैं? नदी का पानी कैसे और कब सूखेगा। हमें नदी को इसी समय पार करनी होगी। संत ने कहा कि मैं तुम्हें यही बात समझाना चाहता हूं। जीवन में भी समस्याएं आती-जाती रहेंगी। हमें सकारात्मक रहना चाहिए। निराश होकर रुकना नहीं चाहिए, लगातार आगे बढ़ते रहना चाहिए। तभी जीवन में कुछ उल्लेखनीय काम हो पाएंगे। आगे बढ़ते रहेंगे तो समस्याओं के हल भी मिलते जाएंगे।

सुझाव

अतुल मलिकराम



# ऐसे बढ़ेगा मतदान प्रतिशत

लोकसभा चुनाव 2024 के पांच चरणों का मतदान पूरा हो चुका है, हालांकि अब तक हुई 429 सीटों पर औसत मतदान लगभग 57.44 प्रतिशत रहा है। खुद चुनाव आयोग 60 फीसदी से कम मतदान को चिंताजनक मानता है। ऐसे में उन कारणों पर बात करना जरूरी है जो लगातार मतदान के प्रति लोगों के कम होते रुझान की वजह हो सकते हैं या उन वजहों पर ध्यान देने की आवश्यकता है जो कम मतदान का कारण बन रहे हैं। इसके लिए सबसे पहले कुछ सवाल उठाने, उनके हल खोजने और कुछ सुविधाओं को सुलभ बनाने की आवश्यकता पर बात करना जरूरी है। ऐसा क्यों नहीं हो सकता कि देश का कोई भी वयस्क नागरिक कहीं से भी मतदान कर सके? क्यों न 75 वर्ष से ऊपर या बीमार व्यक्तियों के लिए एक मोबाइल पोलिंग बूथ की व्यवस्था हो? ऐसा क्यों नहीं हो सकता कि 75 वर्ष से ऊपर या जरूरतमंद मतदाताओं को लाने-छोड़ने की व्यवस्था हो। ऐसे ही क्यों न पर्यटन या जरूरी कामों से सफर कर रहे मतदाता भी अपने मताधिकार का उपयोग करने में सक्षम हों? यूं भी एक चुनाव में हजारों करोड़ रुपये का खर्च आता है, फिर ऐसी कुछ व्यवस्थाओं में कुछ करोड़ और खर्च कर के यदि मतदान प्रतिशत बढ़ाया जा सकता है तो क्यों न इन उपायों पर गंभीरता से विचार किया जाए? चुनाव आयोग के नियमानुसार आपको आपके निर्वाचन क्षेत्र में ही मतदान देने का अधिकार है, लेकिन क्यों न ऐसी कोई व्यवस्था हो जो ऐसे मतदाताओं को कवर करती हो जो किसी भी कारण से अपने निर्वाचित क्षेत्र में मतदान वाले दिन उपलब्ध नहीं हैं। इन मतदाताओं के लिए प्रत्येक शहर में किसी भी निजी या सरकारी भवन में ऐसी व्यवस्था की जा सकती है, जिससे वह अपने मताधिकार का प्रयोग कर सके। हम एक एडवांस टेक्नोलॉजी वाले युग में जी रहे हैं, जहां हर रोज नए इन्वेंशन देखने को मिलते हैं, वहां क्या ऐसा कुछ नहीं हो सकता कि एक टेक्नोलॉजी बेस्ड सिस्टम हो। जाहिर तौर पर इसमें कुछ बेसिक दिक्कतें जरूर हो सकती हैं लेकिन इन्हीं दिक्कतों के ऊपर कम वोटिंग प्रतिशत का हल ढूंढा जा सकता है। जिस प्रकार सेना, सुरक्षा बलों या चुनाव ड्यूटी में लगाए गए कर्मचारियों को अपने मतदान केंद्र पर जाने की जरूरत नहीं होती और वे अपने कार्य स्थल से ही बैलेट पेपर पर वोट डाल सकते हैं, ऐसी ही कुछ व्यवस्था उन लोगों के लिए भी हो जो विभिन्न कारणों से अपने पोलिंग स्टेशन पर उपलब्ध नहीं हो पाते। दूसरी ओर वर्तमान लोकसभा चुनाव की ही बात करें तो इस बार 100 साल से ज्यादा के 2.18 लाख वोटर हैं। क्यों न ऐसे वोटर्स के लिए एक मोबाइल बूथ की व्यवस्था हो। हर शहर में कुछ ऐसे मोबाइल बूथ कार्यरत हों जो चिह्नित मतदाताओं के एरिया में मौजूद हों, उनके घरों के समीप हों, जिससे उन्हें अपने मत का उपयोग करने में आसानी हो। इसी प्रकार 75 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों को पोलिंग स्टेशन तक लाने-छोड़ने की व्यवस्था भी की जा सकती है। प्रत्येक पोलिंग स्टेशन पर मोबाइल हेल्थ केयर वैन, पीने के पानी आदि सुरक्षात्मक व्यवस्थाओं की पहल भी की जा सकती है। अंत

# परिवार की खुशहाली के लिए महिलाओं का स्वस्थ होना जरूरी

## महिला स्वास्थ्य के लिए अंतरराष्ट्रीय कार्रवाई दिवस (28 मई) पर विशेष



मुकेश कुमार शर्मा

हिंदी दैनिक अमन लेखनी लखनऊ

स्वस्थ जिन्दगी हर किसी की पहली जरूरत होती है लेकिन बहुत से घरों में आज भी महिलाओं के स्वास्थ्य को प्राथमिकता में नहीं रखा जाता जो कि अत्यंत ही विचारणीय विषय है।महिला का पूर्ण स्वस्थ होना इसलिए भी बहुत जरूरी है क्योंकि वह अस्वस्थ हो जाए तो घर के बच्चों से लेकर बड़े तक सभी प्रभावित होते हैं। ऐसे में महिला बिस्तर पर पड़ जाए तभी डाक्टर के पास ले जाएँ जैसी सोच को बदलना होगा और महिला को पूर्ण रूप से स्वस्थ बनाने के लिए हर जरूरी पहलू पर गंभीरता से विचार करना होगा।इसी सोच को परवान चढ़ाने के लिए हर साल 28 मई को महिला स्वास्थ्य के लिए अंतरराष्ट्रीय कार्रवाई दिवस के रूप में मनाया जाता है।इस दिवस पर यौन और प्रजनन स्वास्थ्य पर भी खुलकर बात करने की जरूरत है ताकि महिला स्वतंत्र रूप से यह निर्णय ले सके कि उसे कब और कितना बच्चा चाहिए।

प्रजनन स्वास्थ्य किसी भी महिला का भारतीय संविधान द्वारा दिया गया वह अधिकार है जिसमें समानता एवं शिक्षा का अधिकार, सही उम्र में विवाह का अधिकार, परिवार नियोजन अपनाने का अधिकार, महिला को बच्चा कब और कितना चाहिए यह निर्णय लेने का अधिकार तथा हिंसा मुक्त एवं पोषणयुक्त खुशहाल जीवन जीने का अधिकार शामिल है। अनचाहा गर्भधारण महिलाओं के मानसिक स्वास्थ्य पर असर डालने के साथ ही जान को जोखिम में डालने का काम करता है।ऐसे में स्वास्थ्य विभाग के पास मौजूद बास्केट ऑफ च्वाइस में से अपना मनपसन्द गर्भ निरोधक विकल्प चुनें और अनचाहे गर्भ से बचकर स्वस्थ रहें और घर में खुशहाली लाएं।इसमें पति से लेकर माता-पिता, सास-ससुर और परिवार के अन्य बड़े सदस्यों की भी अहम भूमिका हो सकती है।

महिला स्वास्थ्य के लिए अंतराष्ट्रीय कार्रवाई दिवस को हर साल मनाने का मूल उद्देश्य महिलाओं को उनकी सेहत से जुड़े मुद्दों के बारे में पूर्ण रूप से शिक्षित करने के साथ ही उन्हें हर क्षेत्र में सशक्त बनाना है।महिलाओं को भेदभाव, घरेलू हिंसा, जबरदस्ती और उपेक्षा से बचाने के बारे में इस दिवस पर हर किसी का ध्यान आकर्षित किया जाता है।महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना भी जरूरी है। इस दिवस पर संकल्प लेने की जरूरत है कि महिलाओं तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य देखभाल की पहुंच को आसान बनायेंगे।सुरक्षित एवं कानूनी गर्भपात के बारे में शिक्षित बनाएंगे ।युवाओं के यौन एवं प्रजनन स्वास्थ्य अधिकार के साथ ही एचआईवी/एड्स के प्रति भी जागरूकता लायेंगे।

इस दिवस को मनाने की सार्थकता तभी है जब स्वास्थ्य देखभाल पहुंच में लैंगिक असमानता को पूरी तरह से दूर करते हुए महिलाओं को मानसिक स्वास्थ्य, मातृ कल्याण और यौन व प्रजनन स्वास्थ्य अधिकार के प्रति सशक्त बनाया जाए।महिलाओं और लड़कियों को उच्च शिक्षा तक पहुंचने के लिए उचित और समान अवसर दिया जाए और व्यावसायिक प्रशिक्षण मुहैया कराया जाए।घरेलू हिंसा और संभावित मानव तस्करी पर चर्चा हो ।कम उम्र में शादी और शादी के तुरंत बाद गर्भ धारण जैसी सोच को बदला जाए।करियर में उन्नति के लिए समान रास्ते विकसित करने के साथ ही वेतन असमानता को दूर करने की तरफ और पर्याप्त प्रयास हों।

देश में आज भी 15 से 49 वर्ष आयुवर्ग की कम ही महिलाएं यौन संबंधों, गर्भनिरोधक साधनों के इस्तेमाल और यौन स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में अपनी पसंद को प्राथमिकता दे पाती हैं।इस तरह इस आयु वर्ग की बहुत सी महिलाओं के पास अब भी यौन और प्रजनन स्वास्थ्य संबंधी निर्णय लेने का अधिकार नहीं है।इसके लिए जरूरी है कि राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से इस गंभीर विषय पर एकजुटता के साथ चर्चा की जाए और जागरूकता के उपायों पर विचार किया जाए ।कार्यशालाओं आदि के माध्यम से गर्भपात से जुड़ीं भ्रांतियों को दूर किया जाए। सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्मों का इस्तेमाल करते हुए महिला अधिकारों के प्रति जागरूकता लायी जाए। सफल महिलाओं को सच्ची कहानियों का माध्यम बनाया जा सकता है, जिससे उनके संघर्ष से लेकर सफलता के पायदान को विस्तार से बताया जाए।यह कहानियाँ प्रेरक की भूमिका निभा सकती हैं ।प्रचार-प्रसार के अन्य तरीकों जैसे- पोस्टर-बैनर, इलेक्ट्रानिक मीडिया आदि का भी सहारा लिया जा सकता है।ज्ञात हो कि वर्ष 1987 में दक्षिण अफ्रीका में पहली बार इस दिन को महिला स्वास्थ्य के लिए अंतर्राष्ट्रीय कार्रवाई दिवस के रूप में मान्यता दी गई थी।तब से हर साल यह दिन महिलाओं और स्वास्थ्य समूहों द्वारा मनाया जाता है। यह यौन अधिकारों, लैंगिकता, प्रजनन अधिकार, स्वास्थ्य आदि की पहचान के लिए एक मंच है।

## ट्रेंड

### गर्व का क्षण



विशेष रूप से हमारे केन्द्रीय विद्यालय परिवार के लिए एक गर्व का क्षण। प्रीतिस्मिता को आईडब्ल्यूएफ विश्व युवा चैंपियनशिप में उनकी उपलब्धि पर बधाई और शुभकामनाएं। वह चमकती रहें और ओडिशा तथा भारत को और अधिक गौरव दिलाती रहें।

-धर्मेन्द्र प्रधान, केंद्रीय मंत्री

### संघर्ष का नया अध्याय



सूडान में गहराता मानवीय दुःस्वप्न एल फैशर में बढ़ती शत्रुता के साथ अपने दूसरे वर्ष में प्रवेश कर गया है, जिससे इस संघर्ष में एक खतरनाक नया अध्याय खुल गया है। हमें युद्धविराम के लिए एक ठोस वैश्विक प्रयास की आवश्यकता है।

-एंटोनियो गुतरेस, यूएन महासचिव

### इतिहास खुद को दोहरा रहा



इतिहास खुद को दोहरा रहा है, क्योंकि तंबाकू उद्योग हमारे बच्चों को एक ही निकोटीन अलग-अलग पैकेजिंग में बेचने की कोशिश कर रहा है। जब वे बच्चों के लिए अत्यधिक नशे की लत वाले उत्पादों का विपणन कर रहे हैं तो वे नुकसान में कमी के बारे में कैसे बात कर सकते हैं?

-डॉ टेड्रोस, डब्ल्यूएचओ महानिदेशक

### स्वयं को खोना होगा



आध्यात्मिक पथ पर होने का मतलब ईश्वर के करीब जाने की कोशिश करना नहीं है - आप ईश्वर के साथ एक होने की कोशिश कर रहे हैं। अपने जीवन में कुछ सार्थक खोजने के लिए, स्वयं को खोना होगा।

-सदगुरु, आध्यात्मिक गुरु

## संक्षेप

### हापुड़ में कोल्ड-ड्रिंक खरीदने को लेकर दो पक्षों में मारपीट

अमन लेखनी समाचार

हापुड़, हापुड़ के बहादुरगढ़ इलाके में कोल्ड ड्रिंक खरीदने को लेकर दो पक्षों में कहासुनी हो गई। इसके बाद दोनों पक्ष के लोग आमने-सामने आ गए और जमकर मारपीट हुई। इस दौरान हंगामा होने पर अफरा-तफरी मच गई। मारपीट के दौरान दोनों पक्षों के तीन लोग घायल हो गए। घायलों को गढ़ सीएचसी में भर्ती कराया गया है। पुलिस के पहुंचने पर मामला शांत हुआ। बहादुरगढ इलाके के गांव में रहने वाला एक युवक गांव में स्थित एक दुकान से कोल्ड ड्रिंक लेने गया था। जहां उसका दूसरे पक्ष के युवक से विवाद हो गया। उस समय तो मौके पर मौजूद लोगों ने मामला शांत करा दिया। लेकिन शुक्रवार की देर शाम युवक अपने घर वापस लौट रहा था। जैसे ही वह गांव के चौराहे पहुंचा तो वहां दूसरे पक्ष के युवक ने उसे रोक लिया और अभद्रता करनी शुरू कर दी। विरोध करने पर मामला बढ़ गया। देखते ही देखते दोनों पक्षों के लोग आमने-सामने आ गए और लाठी-डंडे और धारदार हथियार चल गए। घटना में दोनों पक्षों की तरफ से समीर, मूले और लक्ष्मण घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही बहादुरगढ़ पुलिस मौके पर पहुंच गई। एसडीएम साक्षी शर्मा, तहसीलदार सीमा सिंह और सीओ आशुतोष शिवम भी घटनास्थल पर पहुंच गए। पुलिस को देखकर हंगामा कर रहे लोग भाग निकले। वहीं, घायलों को एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। तनाव पूर्ण स्थिति को देखते हुए भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। सीओ ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। मारपीट के दौरान 3 लोग घायल हुए हैं।

### रामपुर में गर्मी के चलते भव्य पूल पार्टी का आयोजन

अमन लेखनी समाचार

रामपुर, वैश्य समाज महिला संगठन के द्वारा गर्मी के मौसम को देखते हुए पूल पार्टी का भव्य आयोजन किया गया। वैश्य समाज महिला संगठन रामपुर (यूथ क्लब) द्वारा वाटिका रिजॉर्ट में समरपूल पार्टी का आयोजन किया गया। इसमें वैश्य समाज महिला यूथ क्लब की महिलाओं ने खूब बढ़-चढ़कर भाग लिया और जमकर इंजॉय किया। कार्यक्रम में रमा अग्रवाल को पूल प्रिंसेस चुना गया। कार्यक्रम में छोटे बच्चों ने भी खूब मस्ती की। संयोजकाऐ अनुश्री अग्रवाल, नीतू गुप्ता, मेघा अग्रवाल, ने पंक्चुअलिटी, हाउजी, सरप्राइज, डांस, गेम्स, आदि करवायें। रमा अग्रवाल पूल प्रिंसेस चुनी गई। सभी महिलाओं ने पूल पार्टी में स्विमिंग पूल का खूब आनंद उठाया और जिला अध्यक्ष प्रीती गुप्ता ने आई हुई सभी महिलाओं का आभार व्यक्त किया। साथ ही रिसोर्ट के ऑनर मुकुल अग्रवाल, श्वेता अग्रवाल का भी आभार व्यक्त किया। साथ ही आगे के कार्यक्रम की चर्चा भी की गई। वैश्य समाज द्वारा हमेशा कुछ ना कुछ कार्यक्रम हर माह होता रहता है।

# कलेक्ट्रेट सभागार में प्रशिक्षित किये गये एआरओ व मास्टर ट्रेनर्स

## मतगणना का कार्य अत्यन्त महत्वपूणः सीडीओ

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के मतगणना कार्य को स्वतन्त्र, निष्पक्ष एवं सुव्यस्थित ढंग से सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से जनपद में नियुक्त किये गये 88 मास्टर ट्रेनर्स का कलेक्ट्रेट सभागार में प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ। नवीन कृषि उत्पादन मण्डी समिति सलारपुर, बहराइच में 04 जून 2024 को सम्पन्न होने वाली मतगणना के लिए नियुक्त किये गये मतगणना पर्यवेक्षक, माइक्रो आब्जर्वर व मतगणना सहायकों को मास्टर ट्रेनर्स द्वारा प्रशिक्षण दिया जायेगा। प्रभारी अधिकारी मतदान कार्मिक/मुख्य विकास अधिकारी रम्या आर. ने प्रशिक्षण कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि गणना का कार्य अत्यन्त महत्वपूर्ण है, इसलिए सभी कार्मिक पूरी शालीनता, धैर्य एवं संयम का परिचय देते हुए भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों के अनुसार गणना का कार्य सम्पन्न करायेंगे। सीडीओ ने सहायक रिटर्निंग आफिसर्स व मास्टर ट्रेनर्स को निर्देश दिया कि मतगणना के सम्बन्ध में भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों का भली प्रकार से अध्ययन कर लें ताकि मतगणना कार्मिकों को प्रशिक्षित करने में किसी प्रकार की समस्या न आये। सीडीओ ने कहा कि मतगणना कार्मिकों के प्रशिक्षण के दौरान उन्हें यह बात जरूर बता दी जाये कि किसी भी प्रकार की शिथिलता, संदिग्धता, संलिप्तता की स्थिति में लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम-1951 की सुसंगत धाराओं के अन्तर्गत कार्यवाही की जाएगी। जिसके लिए कार्मिक स्वयं उत्तरदायी होंगे। सभी कार्मिक मतगणना समाप्ति के उपरान्त एआरओ से कार्य मुक्ति प्रमाण-पत्र प्राप्त करके की मतगणना परिसर छोड़ेगे। सभी कार्मिकों द्वारा मतगणना प्रारूप के समस्त कालम को स्पष्ट शब्दों में साफ-साफ भरेंगे तथा तथा मतदेय स्थल का क्रमांक तथा जहां कहीं भी अंक लिखने की आवश्यकता होगी वहा अंग्रेजी का अंक लिखना अनिवार्य होगा। प्रशिक्षण के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव, जिला विकास अधिकारी महेन्द्र कुमार पाण्डेय व जिला प्रशिक्षण अधिकारी डॉ. सी.के वर्मा द्वारा ई.वी.एम. की मतगणना प्रक्रिया, ई.वी.एम. में दर्ज मतों की गणना, ई.वी.एम. मतों और वी.वी.पैट पर्चियों की गणना से सम्बन्धित विशेष मामलों में की जाने वाली कार्यवाही, वीवीपैट पर्चियों की गणना के सम्बन्ध में की जाने वाली कार्यवाही के साथ-साथ डाक मतपत्रों की गणना प्रक्रिया के बारे में भी जानकारी प्रदान की गई। डाक मतपत्रों की गणना के सम्बन्ध में डाक मतपत्रों का सत्यापन व डाक मतपत्रों की गणना के समय बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में जानकारी प्रदान की गई। प्रशिक्षण कार्यक्रम में समस्त सहायक रिटर्निंग आफिसर्स तथा मास्टर ट्रेनर्स मौजूद रहे।

# पुलिस के हत्थे चढ़े चोर, दो गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार




कैसरगंज, बहराइच। चोरी की एक ही दिन बाद फखरपुर पुलिस ने किया खुलासा, दो अभियुक्त हुए गिरफ्तार। जानकारी के अनुसार लवकुश वर्मा पुत्र स्व मूलकराज निवासी बेदौरा थाना फखरपुर ने फखरपुर पुलिस को सूचना दिया की अज्ञात चोर द्वारा अजय सिंह के फार्म के चारो तरफ लगे एंगल को काटकर चोर चोरी कर ले गए थे जिसकी सूचना फखरपुर पुलिस कों दी गयी। घटना को गंभीरता से लेते हुए प्रभारी निरीक्षक करूणाकर पाण्डेय द्वारा अभियुक्त की गिरफ्तारी बरामदगी हेतु टीम का गठन किया गया। सोमवार को थाना फखरपुर पुलिस टीम उ0नि0 अमित गुप्ता (चौकी प्रभारी कुण्डासर), उपनिरीक्षक प्रशि0 सुधीर सिंह, हे0का0 राजवीर सिंह द्वारा कड़ी मेहनत व अथक प्रयासोपरांत अभियुक्त मनोज सिंह पुत्र लालता बक्श सिंह निवासी मलिक सिंह पुरवा दा0 भकला थाना फखरपुर तथा अभियुक्त, चन्द्र प्रताप विश्वकर्मा उर्फ छोटू पुत्र बेचनलाल उर्फ लालू निवासी हाता दा0 भकला थाना फखरपुर को गिरफ्तार कर मु0अ0सं0 205/2024 धारा 379 भा0द0वि0 बढोत्तरी धारा 411 भा0द0वि दर्ज कर विधिक कार्यवाही की गयी। चोर के कब्जे से चोरी की किये गये 08 अदद एंगल को अभियुक्त के कब्जे से बरामद किया गया। जिसका कुल वजन लगभग 48 कि0ग्रा0 बरामद किया गया।

# अज्ञात वाहन की ठोकर से कंडक्टर की मौत



अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज, बहराइच। थाना क्षेत्र के सीएचसी हॉस्पिटल के पास स्थित नहर पुलिया के किनारे खड़े ट्रक यू पी 41 ए टी 6095 के कंडक्टर को किसी अज्ञात वाहन ने जोरदार ठोकर मार दी। जिससे कंडक्टर की मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक गुलाब यादव पुत्र राजेंद्र उम्र लगभग 20 वर्ष निवासी सिंगरोड़ी थाना कुरारा जनपद हमीरपुर ट्रक पर कंडक्टरी कर रहा था। सोमवार सुबह लखनऊ की तरफ से चलकर फखरपुर थाना क्षेत्र के लखनऊ बहराइच राजमार्ग पर स्थित सीएचसी के पास पहुंच कर गाड़ी खड़ी की थी। उसके कुछ समय उपरांत एक अज्ञात वाहन ने कंडक्टर को ठोकर मार दी जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंचे थानाध्यक्ष करुणाकर पांडे ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा करवा कर पीएम हेतु जिला चिकित्सालय भेज दिया।

# बोर्ड परीक्षा के मेधावियों को किया गया सम्मानित

- हापुड़ में पंजाबी सभा ने किया आयोजन, बोले- बच्चों का भविष्य संवारना लक्ष्य

अमन लेखनी समाचार



हापुड़, हापुड़ में पंजाबी सभा समिति द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में पंजाबी समाज का नाम रोशन करने वाली हाई स्कूल की छात्राओं को कलेक्टर गंज स्थित गुरुद्वारे में सम्मानित किया गया। साथ ही उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। पंजाबी सभा के अध्यक्ष संजय कुमार डाबर ने बताया कि साल 2023/24 की हाई स्कूल परीक्षा में सनवी खरबंदा 97 प्रतिशत, महिमा ढींगरा 94 प्रतिशत, रिया सेठी 94 प्रतिशत, कनिका अरोड़ा ने 93 प्रतिशत अंक नंबर प्राप्त कर स्कूल, जिले के साथ साथ समाज का नाम रोशन किया है। छात्राओं का उत्साहवर्धन करने के लिए पंजाबी सभा समिति की ओर से कलेक्टर गंज स्थित गुरुद्वारे में इन छात्राओं को शील्ड, पुरस्कार व पटका पहनाकर सम्मानित किया गया। उन्होंने बताया कि पंजाबी सभा समिति समय समय पर इस तरह के कार्यक्रम का आयोजन करती रहेगी, जिससे की बच्चों का मनोबल बढ़ सके। सभी बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

पंजाबी सभा समिति की ओर से सभा के पूर्व अध्यक्ष हरीश ग्रोवर ने कहा कि संस्था का उद्देश्य समाज सेवा करना है। किसी भी समाज की नीव बच्चे ही होते हैं। उन्होंने कहा कि बच्चों का भविष्य संवारने के लिए संस्था लगातार कार्य कर रही है।

# सड़क हादसे में पति-पत्नी की मौत




अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज, बहराइच। कोतवाली कैसरगंज इलाके के बढोली गांव के पास उस वक्त हड़कंप मच गया जब तेज रफ्तार अनियंत्रित बाइक सड़क किनारे खड़े ट्रक से जा टकराई। हादसे के वक्त बाइक पर पति-पत्नी सवार थे। टक्कर इतनी जोरदार थी कि पति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पत्नी की इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस द्वारा मृतक रोशन लाल व उसकी पत्नी पुष्पा देवी के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। बताते चलें मृतक पति पत्नी बहराइच के पड़ोसी जनपद बलरामपुर के कोतवाली देहात इलाके क्षेत्र स्थित खागईजोत के रहने वाले हैं। पति पत्नी लखनऊ में रहते थे। लखनऊ से वह बाइक से सवार होकर बलरामपुर जा रहे थे तभी अचानक बहराइच के कोतवाली कैसरगंज इलाके के बढोली गांव के पास वह हादसे का शिकार हो गए और उनकी मौत हो गई।

# भाकियू टिकैत गुट की बैठक आयोजित

- बोले वक्ता- किसान का विद्युत ट्रांसफार्मर फुंकने पर विद्युत विभाग क्षमता चेक करने की बात करता है

अमन लेखनी समाचार



हसनपुर, अमरोहा जनपद के हसनपुर में भारतीय किसान यूनियन टिकैत की तहसील स्तरीय पंचायत का आयोजन किया गया। जिसमें किसानों की विभिन्न समस्याओं के निराकरण की मांग की गई। हसनपुर नवीन मंडी परिसर में भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट की एक पंचायत का आयोजन किसानों की समस्याओं को लेकर किया गया। बैठक में ब्लॉक अध्यक्ष काले सिंह ने कहा कि रहरा ब्लॉक में चकबंदी चल रही है। जिसके चलते किसानों को परेशान किया जा रहा है। बैठक में सीओ चकबंदी अशोक कुमार को बुलाकर किसानों की समस्याओं का समाधान कराया जा रहा है। वहीं, विद्युत विभाग के अधिकारी किसान का विद्युत ट्रांसफार्मर फुंकने पर क्षमता चेक करने के बाद लगाने की बात कह रहे हैं। जबकि यह सरासर गलत है। किसान विद्युत ट्रांसफार्मर के द्वारा अपनी फसल की सिंचाई ही तो कर रहा है। अगर बिजली विभाग वालों को विद्युत ट्रांसफार्मर की क्षमता ही चेक करनी है तो वह गजरौला में लगी फैक्ट्रियों में जाकर वहां लगे विद्युत ट्रांसफार्मरों की क्षमता चेक करें। उन्होंने कहा कि अगर विद्युत विभाग वाले किसानों को परेशान करते हैं तो इसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस मौके पर ब्लॉक अध्यक्ष काले सिंह, सीता आर्य समेत भारी संख्या में किसान मौजूद रहे।

# अमेठी में कांग्रेस प्रत्याशी पर मुकदमा दर्ज

## 13 नामजद और कई अज्ञात पर केस, चौराहे पर इकट्ठी की थी भीड़

अमन लेखनी समाचार




अमेठी जिला, अमेठी में लोकसभा चुनाव बीतने के बाद भी नेताओं का जनसंपर्क अभियान जारी है। आज बिना अनुमति चौराहे पर भीड़ इकट्ठी कर लोगों से संवाद करना कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी किशोरी लाल शर्मा को महंगा पड़ गया। बाजार शुकुल थाने में तैनात दरोगा की तहरीर पर बाजार शुकुल थाने में प्रत्याशी समेत 13 नामजद और 20-25 अज्ञात लोगों के खिलाफ आचार संहिता उल्लंघन का मुकदमा दर्ज किया गया है। फिलहाल अब पुलिस मामले की जांच में जुट गई गई है। पूरा मामला बाजार शुकुल थाने के मंगरौली चौराहे का है, जहां आज सुबह कांग्रेस प्रत्याशी और लोगों से चुनाव को लेकर जनसंवाद करने लगे। देखते ही देखते मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। आचार संहिता लागू होने के कारण बिना अनुमति भीड़ इकट्ठी करना कांग्रेस प्रत्याशी को महंगा पड़ गया। हल्का दरोगा वीरेंद्र कुमार पांडेय की तहरीर पर बाजार शुकुल थाने में 143/188 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। कांग्रेस प्रत्याशी किशोरी लाल शर्मा समेत 13 नामजद हैं, जिसमें मजहर अहमद पुत्र अबरार, इकरार अहमद पुत्र अबरार, बेचू खान पुत्र दरगाही, इराफ पुत्र आसफ अहमद, सलमान अहमद पुत्र गुलाम नबी, रईस अहमद निवासी पूरे कुदावन, वासिफ निवासी मंगरौली, शाहिद पुत्र अमीन, इसराइल हक उर्फ.कलूट बाबू निवासी कासिमपुर, दानबाबू निवासी बलापुर, मेराज निवासी पुरे तालेबन, इब्राहिम गुर्जर निवासी मंगरौली समेत 20 से 25 लोग अज्ञात शामिल हैं। चुनाव समाप्त होने के बाद प्रत्याशी किशोरी लाल शर्मा पूरे जिले में लोगों से मिलते-मिलाते घूम रहे हैं।

थाना अध्यक्ष तनुज पाल ने बताया की बिना एसडीएम की अनुमति के अधिक संख्या में लोगों का इकट्ठा होना धारा 144 का उल्लंघन है। मामले को संज्ञान में लेते हुए अभियोग पंजीकृत किया जाएगा। उपलब्ध साक्ष्य के आधार पर अज्ञात लोगों की पहचान की जाएगी।

# डीएम ने हॉट एयर बैलून उड़ाकर मतदान को किया जागरूक

- महराजगंज में 1 जून को घर से निकलकर वोट करने की अपील

अमन लेखनी समाचार



महराजगंज, महराजगंज जिले में आज लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत मतदाता जागरूकता हेतु स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत जिलाधिकारी अनुनय झा और पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीणा द्वारा कलेक्ट्रेट भवन पर हॉट एयर बैलून उड़ाकर जिले के मतदाताओं को मतदान करने का संदेश दिया गया। डीएम ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि जिला में व्यापक स्तर पर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसी क्रम में आज हॉट एयर बैलून उड़ाकर लोगों को 01 जून को मतदान करने का संदेश दिया गया। हॉट एयर बैलून पर जिले महराजगंज का लोगों और भारत निर्वाचन आयोग के स्वीप लोगों को प्रदर्शित किया गया है। डीएम ने कहा कि जिला प्रशासन का जनपद के सभी मतदाताओं से अनुरोध है कि 01 जून को घर से बाहर निकलें और मतदान अवश्य करें। यह एक नागरिक होने के नाते हमारा सबसे महत्वपूर्ण अधिकार और कर्तव्य भी है। उन्होंने कहा कि सभी बूथों पर मतदाताओं के लिए आवश्यक इंतजाम किए गए हैं। इनमें छाया, पेयजल की व्यवस्था, हेल्थ हेल्प डेस्क और अशक्त मतदाताओं के लिए वोटर साथी जैसी सुविधा उपलब्ध रहेगी।

# महराजगंज में डीएम-एसपी ने किया जेल का निरीक्षण

बीमार कैदियों के हालचाल जाने, कुल 641 बंदी हैं बंद

अमन लेखनी समाचार



महराजगंज, महराजगंज में जिला जिलाधिकारी अनुनय झा व पुलिस अधीक्षक सोमेन्द्र मीना द्वारा जिला कारागार महराजगंज का निरीक्षण किया गया। जेल निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने जेल के पुरुष बैरक, महिला बैरक, अल्प वयस्क बैरक व जेल परिसर की साफ सफाई आदि का अवलोकन किया। जिलाधिकारी ने कैदियों से वार्ता कर उनकी समस्यायों को सुना और निस्तारण हेतु आवश्यक निर्देश जेल अधीक्षक को दिए। उन्होंने बीमार कैदियों के इलाज की व्यवस्था भी की। साथ ही उनसे जानकारी भी प्राप्त की। जेल अधीक्षक ने बताया कि बंदी के स्वास्थ्य की स्थिति को देखते हुए, उसको जेल अस्पताल सहित गोरखपुर मेडिकल कॉलेज तक इलाज की सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। उन्होंने आवश्यकतानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से समन्वय करते हुए बंदियों को विधिक सहायता उपलब्ध कराएं। जिलाधिकारी ने कारागार में मौजूद बंदियों की संख्या की भी जानकारी ली। जेल अधीक्षक ने बताया कि 25 मई 2024 को जिला कारागार में कुल 641 बंदी हैं।

# तीर्थ विकास-परिषद के सीईओ ने कुमारगंज मंदिरों का किया निरीक्षण

- ग्रामीणों से ली जानकारी, 3.60 करोड़ की लागत से होगा मंदिरों का कायाकल्प

अमन लेखनी समाचार



मिल्कीपुर, श्री अयोध्या जी तीर्थ विकास परिषद ने अयोध्या के तीर्थो के विकास के लिए काम करना शुरू कर दिया है। परिषद के मुख्य कार्यपालक अधिकारी एसके शर्मा ने मिल्कीपुर कुमारगंज क्षेत्र का दौरा किया। उन्होंने यहां तीन मंदिरों को देखा। इसके बारे में जानकारी ली। साथ ही कंसल्टेंट से भी इनके विकास को लेकर चर्चा की। नगर पंचायत क्षेत्र स्थित आशादेवी मंदिर, मां जालपा मंदिर, महर्षि वामदेव तपोस्थली को धीरज श्रीवास्तव, अंतरा शर्मा कंसल्टेंट और नगर पंचायत कुमारगंज के ईओ संजय शुक्ला, चेयरमैन विकास सिंह छोटू नगर पंचायत बाबू इरशाद ने देखा। मुख्य कार्यपालक अधिकारी बताया कि निरीक्षण का उद्देश्य अयोध्या की धार्मिक, ऐतिहासिक सांस्कृतिक विरासतों को सुरक्षित किए जाने और उनके संरक्षण के साथ मंदिर में यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर कराए जाने वाले कार्य हैं। आशादेवी मंदिर के निरीक्षण में वार्ड के लोगों ने बताया कि मन्दिर काफी प्राचीन है। इसका रखरखाव ग्रामीण स्तर पर बनी कमेटी मां आशादेवी क्षेत्रीय कल्याण समिति से किया जाता है। मन्दिर करीब 251 हेक्टेयर में है। मन्दिर के खाली पड़े स्थान पर स्थानीय कमेटी ने श्रद्धालुओं के लिए एक बड़ा हाल, किचन शेड, पार्किंग, गोशाला फर्श आदि के निर्माण की मांग की है।

# संक्षेप

## प्रबंधक को पितृ शोक

अमन लेखनी समाचार

सहजनवां गोरखपुर। गीडा थाना क्षेत्र स्थित के स्व राजा सिंह चिल्ड्रेन एकेडमी अमटौरा-बनौडा के प्रबंधक आनंद प्रकाश सिंह के पिताजी बिजई सिंह का निधन हो गया, वह 75 वर्ष के थे।वह काफी दिनों से बिमार चल रहे थे।जिनका इलाज चल रहा था।यह अपने पिछे दो पुत्र तथा पांच पुत्रियां छोड़ गए।वह काफी मिलनसार व्यक्तित्व के थे। इनके निधन कि सूचना पर क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अमटौरा श्रीराम शर्मा उर्फ मोनू, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि बनौड़ा राजीव रंजन सिंह उर्फ लल्ला सिंह, सत्यव्रत सिंह, रवि प्रकाश सिंह, विजयेन्द्र सिंह, शिव शंकर सिंह सहित क्षेत्र के तमाम लोगों शोक संवेदना प्रकट किए।

## बुलावा टोली गठन कर मतदान के लिए करें जागरूक

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सहजनवां तहसील अंतर्गत विकासखंड पिपरौली ब्लाक मुख्यालय के मुख्य सभागार में सभी ग्राम विकास व ग्राम पंचायत अधिकारीयों ,रोजगार सेवक और पंचायत सहायकों कि एक बैठक आयोजित कि गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए पिपरौली बीड़ीओ रजत गुप्ता ने कहा कि ग्राम सचिवों को यह निर्देशित किया जाता है कि वह अपने ग्राम सभा में बुलावा टोली का गठन करें, जो गांव में लोगों को मतदान के लिए जागरूक करेगी।इसके साथ ही लोगों को पोलिंग बूथ तक पहुंचाने के लिए यह टोली प्रेरित करेगी।इसके साथ ही सख्त लहजे में उन्होंने ग्राम सचिवों को निर्देशित किया कि गांव में ई रिक्शा का प्रबंध करें जिससे वोटर ई रिक्शा का उपयोग करते हुए मतदान करें।इस अवसर पर एडीओ पंचायत अरविंद कुमार सिंह ,अजय जायसवाल ,समीर यादव, अजीत कुमार पासवान सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## सिकंदराबाद में पुराना जीटी रोड पर जलभराव

अमन लेखनी समाचार

बुलंदशहर, सिकंदराबाद में बिना बारिश के पुराना जीटी रोड, अंसारीयान मोहल्ला जलभराव से ताल-तलैया बन गया, जिससे लोगों का निकलना मुश्किल हो गया है। नालियां चोक हो जाने से सुबह से ही तकरीबन एक से डेढ़ फुट तक रोड पर जलभराव हो गया। जलभराव से स्थानीय दुकानदारों और राहगीरों का निकलना मुश्किल हो गया था। स्थानीय निवासी अबुजर अंसारी, हाजी सलीम अंसारी, हाजी अल्ताफ अंसारी, हाजी शमसाद अंसारी, हाजी आरिफ अंसारी, इमरान अंसारी, मोहम्मद वसीम, मोहम्मद कासिफ, मोहम्मद फराज, मोहम्मद शहनवाज, मोहम्मद अदनान, मोहम्मद जैद अंसारी आदि लोगों ने बताया गया कि इस पुराने जीटी रोड से प्रतिदिन तकरीबन पंद्रह से बीस हजार लोगों का आवागमन होता है।

# काजल निषाद के किया रोड शो , आइएनडीआईए ने दिखाई ताकत

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर। देश की सबसे हाट सीट गोरखपुर पर गठबंधन से सपा प्रत्याशी काजल के पक्ष सहजनवां विधानसभा में वोट की अपील की 100 किलोमीटर के दायरे में उमड़ी कार्यकताओं की भीड़ और उत्साह से विभोर नजर आईं और ऊर्जान्वित कर गईं। सहजनवां सपा केंद्रीय कार्यालय से रोड शो की शुरूआत हुई। यहां से सपा प्रत्याशी काजल निषाद के साथ पूर्व विधायक सहजनवां यशपाल सिंह रावत सज्जित वाहन पर सवार हुए। पहले से यहां गठबंधन के नेताओं-कार्यकताओं की भारी भीड़ थी। कांग्रेस, सपा, आम आदमी पार्टी समेत विभिन्न आइएनडीआइए घटक दलों के झंडे लहरा रहे थे तो ढोल-नगाड़े की थाप पर जमकर कार्यकर्ता झूम रहे थे। गाड़ी जैसे-जैसे आगे बढ़ी लोग रोड शो का हिस्सा बनते गए। राहुल-अखिलेश जिंदाबाद के खूब नारे लगे। इस बीच काजल निषाद जगह-जगह रास्तों में खड़े लोगों का हाथ जोड़ कर तो कभी हाथ हिलाकर अभिवादन करती रहीं। बच्चों को स्नेहिल भाव से दुलारा तो यशपाल सिह रावत ने बड़ी विनम्रता से बड़ों का हाथ जोड़कर तो बच्चों को हाथ हिलाकर दिल जीतने में जुटे रहे। नेताओं को देखने के लिए बड़ी संख्या में महिलाएं, युवा और नौजवान अपने घरों की छतों पर परिवार सहित खड़े नजर आए। जगह-जगह लोगों ने गुलाब की पंखुड़िया बरसाकर अभिनंदन किया। उमड़ी भीड़ से काजल निषाद काफी उत्साहित नजर आईं और जगह-जगह दोनों हाथों से तालियां बजा बजा कर रोड शो में चल रहे लोगों में जोश भरती रहीं। रास्ते में सपा, कांग्रेस समेत विभिन्न संगठनों की ओर से नेताओं का स्वागत किया गया। इस मौके पर प्रदेश सचीव मुरारी मौर्य जिला उपाध्यक्ष रामनाथ यादव गिरिश यादव जिला अध्यक्ष महीला सभा अनारकली जिला पंचायत सदस्य पासवान जिला पंचायत सदस्य बलवंत निषाद विधानसभा अध्यक्ष मनीष कमांडो दुधनाथ मौर्य प्रेम यादव मोहन प्रजापति सोनू जायसवाल ताज मोहम्मद मजनू बद्री प्रसाद शुक्ला संजय सिंह दिलीप मौर्य सुशील विश्वकर्मा सरवन पांडे गब्बू प्रजापति बृजेश मौर्य बाबूराम विश्वकर्मा रामबचन चौरसिया जितेंद्र शर्मा अखिलेश कनौजिया मेराज खान रामदयाल यादव प्रदिप यादव जाहिद मोहम्मद अली पंकज पासवान जितेन्द्र शर्मा सृष्टि सिंह अंकिता बाभी आज लोग मौजूद रहे।

# ताहिरा गीडा में फ्रेशर पार्टी का किया गया आयोजन

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर। ताहिरा इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज गीडा गोरखपुर के प्रांगण में फ्रेशर पार्टी का हुआ आयोजन सोमवार को कॉलेज परिसर में डिप्लोमा प्रथम वर्ष के नवागत छात्राओं के लिए डिप्लोमा सेकंड ईयर के छात्राओं द्वारा किया गया जिसका शुभारंभ संस्थान के प्रधानाचार्य डॉक्टर राहुल कुमार मिश्रा द्वारा किया गया संस्थान के सचिव द्वारा नवागत छात्र-छात्राओं को बधाई संदेश दिया और अग्रिम भविष्य की शुभकामनाएं दी इसी क्रम में संस्थान के प्रधानाचार्य के अपने उद्बोधन में कहा कि यह एक तरह की रीती है जो आगे चलकर काफी यादगार बना होता है इनको यह समझते हुए परंपरा को जारी रखना चाहिए, संस्थान के बाद भी एक दूसरे की समझने का सही अवसर प्रदान करता है। छात्र-छात्राओं अपना प्रदर्शन किया इन छात्र-छात्राओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्राओं को पुरस्कृत किया गया जिसके अंतर्गत नीरज कुमार को मिस्टर इवनिंग आरुषि गुप्ता को मिस फ्रेशर एवं प्रेम कुमार कनौजिया, को मिस्टर फ्रेशर से नवाजा गया। इस अवसर पर संस्थान के प्रधानाचार्य डॉ राहुल कुमार मिश्रा समेत सभी शिक्षक एवं शिक्षेत्तर गढ़ उपस्थित रहे।

# भाकियू लोकशक्ति की शिविर को सफल बनाने के लिए बैठक सम्पन्न

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर। भाकियू लोकशक्ति की हरिद्वार में आयोजित होने जा रहे चिन्तन शिविर को लेकर सोमवार को सहजनवा प्रेस क्लब में बैठक संपन्न हुआ। बैठक के मुख्य अतिथि भाकियू लोकशक्ति के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हरिश्चंद्र पांडेय ने कहा कि हरिद्वार में 10 जून को होने जा रहे चिंतन शिविर में संगठन से सभी लोगो ले जाने और ले आने के लिए जो भी जिम्मेदार है सक्रिय हो जाय। हम सभी की जिम्मेदारी है कि संगठन के लोगो से संपर्क कर शिविर में शामिल होने की अपील करे। बैठक में गोरखपुर और महराजगंज जिले के संगठन के लोग मौजूद थे। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष इंद्रेश कुमार संचालन प्रदेश संगठन सचिव बेचन शर्मा ने किया। बैठक में रामसेवक, महेंद्र भारती, पार्वती देवी, गुड्डी देवी, दुर्गेश गोंड, शांति देवी, सावित्री, बेलासी, राजाराम राम पलेट, दासी, रामलौट, अनारी देवी, सहित संगठन के अनेक लोग मौजूद थे।

# लोकसभा चुनाव के प्रचार में व्यस्तता के बाद भी मुख्यमंत्री की दिनचर्या जस की तस

## बच्चों को प्यार-दुलारकर चॉकलेट और खूब आशीर्वाद दिया मुख्यमंत्री ने

### गोसेवा में भी रमे, गोवंश को खिलाया गुड़-रोटी

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर। लोकसभा चुनाव में अपनी पार्टी भाजपा के प्रत्याशियों के लिए एक-एक दिन में आधा दर्जन जनसभाओं में शामिल होने के बाद भी मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ की दिनचर्या और जनता से अनौपचारिक जुड़ाव की उनकी कार्यशैली में कोई बदलाव नहीं आया है। गोरखनाथ मंदिर प्रवास के दौरान उनकी प्रातःकाल की दिनचर्या में प्रभु एवं गुरुजन के प्रति आस्था निवेदन के साथ ही गोसेवा अभिन्न हिस्सा है। वह मंदिर परिसर में आए श्रद्धालुओं से कुशलक्षेम पूछना नहीं भूलते हैं तो परिसर में परिजनों संग आए बच्चों को पास बुलाकर दुलारना और आशीर्वाद देना उन्हें आत्मीय संतोष देता है। सोमवार सुबह गोरखनाथ मंदिर परिसर में ये सारे दृश्य एक-एक करके नजर आए। मंदिर में श्रद्धालुओं के एक बड़े समूह को देखकर जैसे ही सीएम ने उनसे पूछा, कहां से आए हैं, यहां कोई परेशानी तो नहीं हो रही, सभी लोग मुख्यमंत्री के अपनेपन के भाव से विभोर होकर जयकारे लगाने लगे। लोकसभा चुनाव प्रचार के कई कार्यक्रमों में सम्मिलित होने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार शाम गोरखनाथ मंदिर पहुंचे थे। मंदिर परिसर स्थित अपने आवास में रात्र विश्राम करने के बाद रविवार सुबह उनकी दिनचर्या परंपरागत रही। महायोगी गुरु गोरखनाथ का दर्शन पूजन करने के बाद उन्होंने अपने ब्रह्मलीन गुरुदेव महंत अवेद्यनाथ की समाधि पर जाकर मत्था टेका और उनका आशीर्वाद लिया। तत्पश्चात हर बार की तरह वह मंदिर परिसर के भ्रमण पर निकले। इस दौरान परिसर में उनकी नजर बड़ी संख्या में आए श्रद्धालुओं पर गई तो वह उनके पास पहुंच गए। गुरु गोरखनाथ का दर्शन पूजन करने आए इन श्रद्धालुओं में कुछ स्थानीय थे तो बहुत से लोग गुजरात, महाराष्ट्र, बिहार और छतीसगढ़ से आए थे। मुख्यमंत्री ने आत्मीयता से सभी से यह जानने के साथ कि वे कहां से आए हैं, उनका कुशलक्षेम भी पूछा। मुख्यमंत्री के अपनत्व के इस अंदाज से श्रद्धालुओं में उत्साह बढ़ गया और सभी जय श्रीराम, भारत माता की जय, गुरु गोरखनाथ जी महाराज की जय और योगी आदित्यनाथ जी महाराज की जय के नारे लगाने लगे। इन श्रद्धालुओं के साथ उनके बच्चे भी महायोगी गोरखनाथ का दर्शन करने आए थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बच्चों को अपने पास बुला लिया, सबके माथे पर हाथ फेरकर प्यार-दुलार और आशीर्वाद देने लगे। उन्होंने बच्चों से उनका नाम, उनकी पढ़ाई के बारे में पूछा, खूब हंसी ठिठोली की और सभी को चॉकलेट देकर विदा किया। गोरखनाथ मंदिर प्रवास के दौरान गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गोसेवा करना कभी नहीं भूलते हैं। सोमवार सुबह भी वह मंदिर परिसर का भ्रमण करते हुए वह गोशाला में पहुंचे। यहां गोवंश को उनके नाम से आवाज देकर अपने पास बुलाया। उन्हें रोटी-गुड खिलाकर उनकी सेवा की। कई गोवंश तो उनके हाथों से गुड़ रोटी खाने के बाद उनसे लिपटने लगे। सीएम योगी ने गोशाला के स्वयंसेवकों को भीषण गर्मी में गोवंश की देखभाल के लिए उठाए जाने वाले जरूरी कदमों को लेकर निर्देशित किया।

# अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई गोरखपुर में 155 लीटर कच्ची शराब बरामद, दो मामले दर्ज

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर। आबकारी आयुक्त, उत्तर प्रदेश के निदेर्शानुसार, अवैध शराब के निर्माण, बिक्री, परिवहन और भंडारण के खिलाफ विशेष प्रवर्तन अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में, आज 27 मई 2024 को, जिला आबकारी अधिकारी गोरखपुर के निर्देश पर, आबकारी निरीक्षक सेक्टर-2 श्याम कुमार गुप्ता और आबकारी निरीक्षक गोला पुंकेश सिंह की टीम ने थाना राजघाट के चकरा आयुअल और अमूर तानी में दबिश दी।दबिश के दौरान, टीम ने 155 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की। इस मामले में 2 अभियोग पंजीकृत किए गए हैं और आगे की कार्रवाई जारी है।यह अभियान अवैध शराब के खतरे को कम करने और लोगों को सुरक्षित रखने के लिए चलाया जा रहा है।आबकारी विभाग लोगों से अपील करता है कि यदि उन्हें किसी भी स्थान पर अवैध शराब के निर्माण या बिक्री की जानकारी हो, तो वे तुरंत विभाग को सूचित करें।

# चौमुख धाम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के प्रथम वार्षिकोत्सव में उमड़ा जन सैलाब

- कनिष्ठ जगतगुरु शंकराचार्य ने शिव मंदिरों में किया महा रुद्राभिषेक
- रामचरितमानस अखंड पाठ के पश्चात संपन्न हुआ विशाल भंडारा

अमन लेखनी समाचार/शोभित शुक्ला



फतेहपुर। जनपद के अमौली विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत बुढन्दा में देव रूप में अवतरित हुए कनिष्ठ जगतगुरु शंकराचार्य आत्मानंद सरस्वती द्वारा निर्मित कराए गए चौमुख धाम शिव मंदिर का प्रथम वार्षिकोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया भक्तों की अपील पर भव्य वार्षिकोत्सव में पहुंचे कनिष्ठ जगतगुरु आत्मानंद सरस्वती ने चौमुख धाम शिव मंदिर में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भव्य पूजन किया महा रुद्राभिषेक एवं मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के पावन ग्रंथ श्री रामचरितमानस के समापन के पश्चात महा भंडारा आयोजित किया गया वही कनिष्ठ जगतगुरु शंकराचार्य आत्मानंद सरस्वती के दर्शनों एवं आशीर्वाद की आकांक्षा लेकर भारी संख्या में भक्तगणों का जन सैलाब उमड़ पड़ा कार्यक्रम में पहुंचे मां दुर्गा पूजा कमेटी अमौली के महामंत्री शिक्षक उमेश कुमार त्रिवेदी एवं धर्मपत्नी आरती त्रिवेदी ने जगतगुरु शंकराचार्य को अंग वस्त्र प्रतीक चिन्ह आदि उपहार स्वरूप भेंट करते हुए शुभ आशीर्वाद प्राप्त किया इसी क्रम में कनिष्ठ जगतगुरु आत्मानंद सरस्वती की सेवा में निरंतर संलग्न रहने वाले व्यवस्थापक किशन आचार्य हेमंत दुबे प्रदीप कुमार समेत मध्य प्रदेश प्रांत से आए हुए सभी संत समाज को भी अंग वस्त्र तथा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया


### गूढेश्वर अखंड धाम का रहस्य हुआ वर्णित

कनिष्ठ जगतगुरु आत्मानंद सरस्वती जनपद के ऐतिहासिक स्थल अमौली विकासखंड के गूढेश्वर अखंड धाम पहुंचे जहां क्षेत्रीय भक्तों का जमावड़ा लग गया आश्रम परिसर में भूगर्भित शिवलिंग में जलाभिषेक करते हुए महारुद्राभिषेक का कार्यक्रम संपन्न किया गया कार्यक्रम के पश्चात आश्रम परिसर में बनी पुरानी गुफा के रहस्य का वर्णन कनिष्ठ जगतगुरु आत्मानंद सरस्वती ने विस्तृत रूप से किया जहां उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि किसी देव पुरुष की असीम अनुकंपा से आज यह आश्रम फल फूल रहा है वही आत्मानंद सरस्वती ने अपने गुरु समेत माता-पिता के श्रेय को दशार्ते हुए इस श्रेणी पर पहुंचने की बात बताई कनिष्ठ जगतगुरु आत्मानंद सरस्वती ने कहा कि मेरी जन्मभूमि के सभी नागरिकों ने मुझे असीमित प्रेम दिया इस मौके पर ग्राम प्रधान शालिनी देवी समाजसेवी प्रधान पति विनोद कुमार संजय शुक्ला श्याम सुंदर अवस्थी विशिष्ट बीटीसी जिला अध्यक्ष शिक्षक डॉ प्रशांत पाण्डेय अंकित पांडे पंकज नितिन बउवा बालू त्रिवेदी रंजना शुक्ला आद्या त्रिवेदी ममता अवस्थी प्रेमा पाण्डेय सुमन लकी शुक्ला तथा गूढेश्वर अखंड धाम में मंदिर पुजारी बाबा रामसेवक राजेश प्रधान अंकित पाण्डेय पवन पाण्डेय किशन पटेल कल्लू परिहार गोरे सिंह बिट्टू आदि भारी संख्या में भक्तगण मौजूद रहे

# चोरों ने रिटायर्ड दरोगा के मकान को बनाया निशाना

- लाखों रुपये की नकदी समेत जेवरात चुराए, पुलिस चोरों की तलाश में जुटी

अमन लेखनी समाचार



सरधना, मेरठ में दरोगा के घर पर चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया। यहां से लाखों रुपये की नकदी समेत जेवरात चुरा ले गए। पुलिस चोरों की तलाश में जुटी हुई है। घटना की जानकारी पर सी ओ मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल शुरू करती है। मेरठ के रोहटा रोड स्थित शांतिकुंज कॉलोनी स्थित एक रिटायर्ड दरोगा के मकान के ताले तोड़ कर चोर करीब 4.50 लाख रुपये के जेवर और नकदी चोरी कर ले गए। घटना के समय घर पर दरोगा उनकी पत्नी वह छोटा बेटा सोए हुए थे। चोरी की वारदात चोरों ने सुबह 3:00 के लगभग की जिसके बाद दरोगा की पत्नी उठी तो उन्होंने दरवाजा खुला देखा इसके बाद दरोगा सत्येंद्र को सारी जानकारी दी। दरोगा ने मुकदमा दर्ज कराया है। रोहटा रोड शांतिकुंज कॉलोनी निवासी सत्येंद्र सिंह पुलिस विभाग में दरोगा से रिटायर्ड हैं। उन्होंने बताया कि रात को वह ऊपर सोए हुए थे नीचे उनका छोटा बेटा सोया हुआ था उनके बराबर के मकान में चेन्नई का काम चल रहा है जहां से रात के समय कुछ चोर घुस आए और घर में रखें पैसे और जेवरात चुरा कर ले गए। घटना की जानकारी उन्होंने थाना पुलिस को दी जिसके बाद घटना पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है। सत्येन्दर ने बताया कि चोर एक सोने की चेन, पांच सोने की अंगूठी, झाले, तीन जोड़ी पायल, 50 हजार की नकदी सहित करीब 4.50 लाख रुपये का सामान आदि चोरी कर ले गए।

सूचना मिलने के बाद पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर जानकारी जुटाई। मुकदमा दर्ज करने के बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

# जमीन कब्जा करने का प्रयास, विरोध करने पर मां बेटे को पीटा, केस दर्ज

अमन लेखनी समाचार




गोरखपुर। गीडा थाना क्षेत्र के जीतपुर बाधागाड़ा में नेवासा पर रह रहे संतकबीरनगर जिले के एक व्यक्ति की जमीन को गांव के कुछ मनबढ कब्जा करने का प्रयास कर रहे थे। विरोध करने पर मां, बेटा को पीट कर घायल कर दिए। पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी से जनार्दन कन्नौजिया पुत्र स्व प्रद्युम निवासी तामेश्वरनाथ थाना खलीलाबाद जिला संतकबीरनगर जो गीडा थाना क्षेत्र जीतपुर बाधागाडा में 20 वर्ष से नेवासा पर रहता है। कुछ जमीन खाली थी। जिसमे पिलर खड़ा कर रखा है। गांव के कुछ लोग जमीन कब्जा करने का प्रयास में लगे हुए थे। 26 मई को चार की संख्या में मनबढ भूमि कब्जा करने का प्रयास किए तो पत्नी और बेटे ने विरोध किया तो आरोपी पत्नी कमलावती, बेटा अर्पित को पीटकर घायल कर दिए। पुलिस ने घूरे, मनीष, सुरेंद्र, विजय के खिलाफ मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज कर लिया है।

# मेरठ में ऑटो मैकेनिक की पीटकर हत्या

- बेटे को बचाने आया था, सरिया से किया हमला, नाली के पानी की छींटे पड़ने पर हुआ था विवाद

अमन लेखनी समाचार



मेरठ, मेरठ में हमलावरों ने ऑटो मैकेनिक की पीट-पीटकर हत्या कर दी। ऑटो मैकेनिक की मौत के बाद भी उस पर सरियों से हमला करते रहे। आरोपियों के हमले में मृतक के परिवार के आधा दर्जन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घायलों को जिला अस्पताल भेजा। पुलिस ने देर रात करीब आधा दर्जन आरोपियों को हिरासत में लिया है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है। मामला लिसाड़ी गेट थाना क्षेत्र स्थित गुलिस्ता गार्डन का है। शुक्रवार देर रात गुलिस्ता गार्डन का रहने वाला जावेद अपने घर के बाहर खड़ा हुआ था, तभी पड़ोस का रहने वाला जुबेर साइकिल पर कान में एयरफोन लगाकर गाने सुनता हुआ मौके पर पहुंचा। इस दौरान जुबेर की साइकिल का पहिया नाली में चला गया। नाली की पानी की छींट जावेद के चेहरे पर पहुंची तो जावेद ने आरोपी जुबेर का विरोध किया। इसके बाद दोनों में कहासुनी होने लगी। लोगों ने मामला शांत कराया। जुबेर अपने घर चला गया। आरोप है रात करीब 1:00 बजे जुबेर अपने साथ 30 से 35 युवकों को लेकर जावेद के घर पर पहुंचा। जावेद को घर से बाहर खींच कर उस पर लाठी डंडों व पंच से हमला कर दिया। शोर सुनकर जावेद का मामा इरफान भाई आबिद, फिरोज, सरोज और पिता तोहिद भी घर से निकाल कर आरोपियों का विरोध करने लगे। आरोपियों ने जावेद के पिता ऑटो मैकेनिक तोहिद पर सरियों और पंच से हमला कर दिया। आरोपियों ने ऑटो मैकेनिक तोहिद की पीट-पीट कर हत्या कर दी। ऑटो मैकेनिक तोहिद की मौत के बाद भी आरोपी उस पर ताबड़तोड़ हमले करते रहे। वहीं आरोपियों के हमले में जावेद का मामा इरफान भाई आबिद, फिरोज, सरोज और अमीना साथी जावेद गंभीर रूप से घायल हो गए।

# माहवारी गर्व की बात, शर्माएं नहीं : डॉ. पिंकी

## माहवारी स्वच्छता दिवस की पूर्व संध्या पर आयोजित चर्चा में बोलीं राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की निदेशक

**सेंटर फार एडवोकेसी एंड रिसर्च के सहयोग से आयोजित सहज स्वास्थ्य चर्चा में महाप्रबंधक आरकेएसके ने बताई सरकारी योजनाएं**

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। माहवारी एक प्राकृतिक प्रक्रिया है।इसमें शर्म या हया का बोध क्यों।यह तो किसी महिला के लिए गर्व की बात है।माहवारी के दौरान शरीर की देखभाल मौलिक स्वतंत्रता का अनिवार्य हिस्सा है, फिर भी बड़ी संख्या में माहवारी उत्पादों तथा माहवारी स्वच्छता संबंधी उपायों तक समुदाय की पहुँच नहीं है। विभाग लगातार प्रयासरत है कि एक-एक किशोरी को जागरूक बनाया जाए और उन तक सेनेटरी पैड पहुंचे।इसके अलावा विभाग 10 से 19 वर्ष तक की बेटियों की सेहत का ध्यान रखने के लिए उनके खून की जांच कराने की शुरूआत करने जा रहा है। इससे उनके एनीमिक होने पर उनका इलाज कराया जा सकेगा। यह कहना है राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) की मिशन निदेशक डा. पिंकी जोवल का। वह माहवारी स्वच्छता दिवस की पूर्व संध्या पर सोमवार को एसजीपीजीआई में आयोजित कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रही थीं।

सेंटर फार एडवोकेसी एंड रिसर्च के सहयोग से आयोजित सहज स्वास्थ्य चर्चा में डॉ पिंकी ने कहा कि माहवारी कोई अपवित्रता की बात नहीं है। हर माँ को अपनी बेटी को उसकी माहवारी शुरू होने से पहले बात करना चाहिए। अगर मां अपनी पुरानी सोच के चलते बेटी से इस विषय पर बात करने से हिचकिचाती रहेगी तो वह अपनी बेटी की सेहत से खिलवाड़ करेगी। उन्होंने कहा कि दक्षिण भारत में जब किसी बेटी को माहवारी आती है तो परिवार बाकायदा आयोजन करता है।इस तरह मांओं व परिवारों को अपनी बच्चियों की खातिर शर्म का बंधन तोड़ना होगा।

माहवारी स्वच्छता दिवस की इस वर्ष की थीम है ₹टुगेदर फॉर ए पीरियडफ्रेंडलीवर्ल्ड₹ अर्थात माहवारी अनुकूल विश्व के लिए एकजुट हों।कार्यशाला में मौजूद किशोरियों व विभिन्न स्वयं सहायता समूह के सदस्यों को संबोधित करते हुए एनएचएम के राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के महाप्रबंधक डा. मनोज शुकुल ने कहा कि राष्ट्रीय परिवार एवं स्वास्थ्य सर्वे (एनएफएचएस-5) 2020-21 के अनुसार प्रदेश में 15 से 24 साल की 72.6 फीसद युवतियाँ ही माहवारी के दौरान सुरक्षित साधनों का उपयोग करती हैं। यह आंकड़ा बताता है कि किशोरियों व लड़कियों के बीच अभी और जागरूकता लाने की जरूरत है।

उन्होंने बताया कि प्रदेश में राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत किशोर-किशोरियों के स्वास्थ्य संबंधी मुद्दों पर जागरूकता एवं किशोरों में सकारात्मक व्यवहार परिवर्तन लाने के लिए विभिन्न कार्यक्रम संचालित किए जाते हैं, जिनमें साथिया केंद्र (किशोर मैत्री स्वास्थ्य क्लीनिक्स) का सुद्दढ़ीकरण, पीयर एजुकेशन कार्यक्रम, किशोर स्वास्थ्य दिवस का आयोजन, साप्ताहिक आयरन फोलिक एसिड की आपूर्ति और माहवारी स्वच्छता के लिए किशोरी सुरक्षा योजना।

कार्यशाला में एसजीपीजीआई की वरिष्ठ बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. पियाली भट्टाचार्य ने माहवारी के शुरू होने पर बच्ची पर होने वाले मानसिक प्रभाव, क्वीन मैरी अस्पताल की प्रोफेसर डॉ. सुजाता देब ने माहवारी के प्रबंधन व डायटीशियन शिल्पी त्रिपाठी ने माहवारी व पोषण के संबंध पर विस्तार से चर्चा की। अंत में पापुलेशन सर्विसेज इंटरनेशनल-इंडिया (पीएसआई इंडिया) की इप्शा सिंह ने किशोरियों को सामूहिक गतिविधियां कराकर असुरक्षित यौन संबंध, अनचाहे गर्भ जैसे मुद्दों पर संवेदित किया।प्रश्नोत्तर काल में अनचाहा गर्भ, प्रजनन तंत्र संक्रमण एवं यौन जनित संक्रमण, एच.आई.वी. का खतरा तथा किशोरियों में विशेषकर कुपोषण व रक्तअल्पता आदि प्रमुख स्वास्थ्य समस्याओं पर सवाल जवाब हुए। चर्चा में मुख्य रूप से किशोरियों, स्वयं सहायता समूह की महिलाओं, आशा बहुओं ने प्रतिभाग किया और अपने गाँव में जाकर इस मुद्दे पर बात करने का संकल्प लिया।

# छः दिन से लापता वृद्धा का शव पड़ोस के गांव में मिला

अमन लेखनी समाचार



हमीरपुर। पिछले 6 दिन से लापता वृद्धा विधवा का शव समीप के गांव में सुनसान जगह पर तालाब किनारे बनी बगिया में क्षत विक्षत हालत में पड़ा मिला। विधवा के कमर के नीचे का हिस्सा गायब है। इससे हत्या की आशंका जताई जा रही है। घटना की सूचना पाकर थानाध्यक्ष राकेश कुमार मौके पर पहुंचे और घटना से आला अफसरों को अवगत कराया। सूचना पाकर सीओ सदर डाग स्क्वायड टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे।

सुमेरपुर थाना क्षेत्र के बिदोखर मेदनी निवासी स्वर्गीय रतिराम वर्मा की पत्नी सूरजी 75 वर्ष गत 20 मई को अचानक लापता हो गई थी।इसके चार पुत्र मदनपाल, संतोष कुमार, चंद्रपाल, लखनपाल हैं। पति की मौत के बाद यह अपने पुत्र संतोष कुमार के साथ रहती थी। मां के लापता होने पर संतोष कुमार ने 22 मई को गुमशुदगी दर्ज कराई थी।सोमवार को इस वृद्ध विधवा का शव पड़ोसी गांव विदोखर पुरई में भगवन तालाब के किनारे बनी बगिया में क्षत विक्षत हालत में पड़ा ग्रामीणों ने देखा तो सनसनी फैल गई। ग्रामीणों ने घटना की जानकारी विदोखर पुरई प्रधान सुंदरलाल प्रजापति को दी। ग्राम प्रधान ने शव पड़े होने की सूचना इंगोहटा पुलिस चौकी को दी। सूचना पाकर थानाध्यक्ष राकेश कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद आला अधिकारियों को अवगत कराया। वृद्धा के कमर के नीचे का हिस्सा गायब है। सूचना पाकर सीओ सदर राजेश कमल डॉग स्क्वायड टीम के साथ मौके पर पहुंचे। मृतका के पुत्र संतोष कुमार ने हत्या कर शव फेंके जाने की आशंका जताई है।जिस जगह पर शव पड़ा पाया गया है।उस जगह पर खून आदि नहीं मिला है।इससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि वृद्धा की हत्या कहीं और करके शव का एक हिस्सा यहां पर फेंका गया है। पुलिस गहनता के साथ जांच पड़ताल कर रही है।

# मतगणना कार्मिकों/माइक्रो ऑब्जर्वर के प्रशिक्षण की तिथियां निर्धारित

अमन लेखनी समाचार

रायबरेली, जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने कहा है कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की मतगणना 04 जून 2024 को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, गोरा बाजार रायबरेली में होनी है। मतगणना कार्य को सकुशल एवं शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने के लिए मतगणना कार्य में लगाए गए समस्त मतगणना कार्मिक, मतगणना पर्यवेक्षक, मतगणना सहायक एवं माइक्रो ऑब्जर्वर को मतगणना सम्बन्धी प्रशिक्षण दिये जाने हेतु निर्देश दिये है कि मतगणना गतिविधियों का संचालन विधिवत समझ के साथ ही समस्त मतगणना कार्मिको/माइक्रो आब्जर्वर को बेहतर तरीके से प्रशिक्षण दिलाना जरूरी है। जिला विकास अधिकारी अरुण कुमार ने बताया है कि समस्त मतगणना कार्मिकों का प्रथम प्रशिक्षण फिरोज गांधी महाविद्यालय रायबरेली के ऑडिटोरियम हॉल में 30 मई 2024 को दो पालियों में प्रथम पाली में प्रातः 10:00 बजे से अपरान्ह 12:00 बजे तक द्वितीय पाली अपरान्ह 02:00 बजे से 04:00 बजे तक सम्पन्न कराया जायेगा।

# तुलसीपुर रोड पर सड़क हादसे में एक कि मौत, एक घायल



अमन लेखनी समाचार

बलरामपुर में भीषण सड़क हादसा हुआ है जिसमे मौके पर एक की मौत हो गई है और दूसरा जख्मी है जिसको इलाज के दौरान लखनऊ के लिए रिफर कर दिया गाया गया है।मामला बलरामपुर के तुलसीपुर रोड का है जहां पर सिसई के पास एक इनोवा कार व केला लदे कंटेनर के बीच टक्कर हुआ है जिसमे इनोवा में सवार संतोष कुमार श्रीवास्तव की हादसे में मौत हो गई है और इनोवा चालक महेंद्र नाथ मिश्र को काफी छोटे आई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार केला लदा कंटेनर बलरामपुर से पीलीभीत जा रहा था और गोरखपुर से इनोवा चिलवरिया जा रही थी जहां रेलवे का कार्य चल रहा था।इनोवा व केला लदे कंटेनर में सिसई के पास टक्कर हो गई। जिसमे कंटेनर इनोवा पर पलट गई जिसमे संतोष कुमार श्रीवास्तव 40 वर्षीय सेक्टर इंजीनियर रेलवे की मौत हो गई है और दूसरे महेंद्र नाथ मिश्र एग्जीक्यूटिव इंजीनियर रेलवे जख्मी हुआ है। जिसको जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।हालत गंभीर देखते हुए लखनऊ के लिए रिफर कर दिया गया है। वही मामले पर जानकारी देते हुए देहात कोतवाली प्रभारी ने बताया कि यह सड़क हादसा सिसई के पास हुआ है जिसमे इनोवा में सवार एक की मौत हुई है और दूसरे को काफी चोट आई है।मौके पर पहुंची पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर सीएम के लिए भेज दिया है । कंटेनर सावर मौके से भाग निकला है कंटेनर को कब्जे में ले लिया गया है।

# सभासदों ने शिकायती पत्र देकर चेयरमैन द्वारा की जा रही अनियमताओ की जांच कराए जाने की मांग

अमन लेखनी समाचार/शिवम सिंह



कुरारा,हमीरपुर।कस्बा कुरारा के नगर पंचायत सभासदों ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर चेयर मैन द्वारा की जा रही अनियमताओ की जांच कराए जाने की मांग की है। नगर पंचायत के सात सभासद ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर बताया कि नगर पंचायत अध्यक्ष द्वारा मासिक बैठक की सूचना नियमा नुसार न देकर एक दिन पहले दी जाती है। नगर पंचायत में आउट सोर्सिंग कर्मचारियों की संख्या अस्सी पंजीकृत हैं। जिसमे मौके पर पैंसठ कर्मचारी कार्य कर रहे हैं। अस्सी कर्मचारियों का वेतन आहरित किया जाता है।नगर पंचायत टेंडर में वित्तीय अनियमता की जाती है।नाला निर्माण की गुणवत्ता की जांच कराए जाने की मांग की है।चेयर मैन द्वारा अपने निजी कार्य में गेस्ट हाउस के निर्माण कार्य में नगर पंचायत की मशीनरी का प्रयोग किया जा रहा है। तथा नगर पंचायत के कर्मचारियों से निजी कार्य कराया जा रहा है। इसकी जांच कराए जाने की मांग की है।नगर पंचायत अध्यक्ष द्वारा कराए जा रहे कार्य में जो सामग्री बचती हैं ईंट आदि अपने निजी कार्य में उपयोग किया जा रहा है।इसकी जांच कराए जाने की मांग की है। विभागीय गोपनीय कार्य अपने नजदीकी रिश्तेदार से कराया जा रहा है।भवन नामांतरण की पत्रवलिया लंबित है। जिनका निस्तारण कराया जाए।सभासदों को दबाव बना कर प्रस्ताव पारित कराया जाता है। न करने पर मुकदमे में फंसा देने की धमकी दी जाती है। नगर पंचायत अध्यक्ष द्वारा प्रताड़ित करने से समस्त सभासद सामूहिक रूप से इस्तीफा देने को बाध्य होंगे।इस शिकायती पत्र में वार्ड सभासद एक अजय सिंह,वार्ड तीन सभासद प्रतिनिधि नफीस अहमद, वार्ड सात सभासद मुकेश कुमार,वार्ड दस के सभासद अंकित पालीवाल,वार्ड 9 सभासद प्रशांत सिंह,वार्ड 11 सभासद अवधेश गुप्ता,वार्ड पांच सभासद प्रतिनिधि अवधेश कुमार, वार्ड 6 सभासद प्रतिनिधि मुकेश कुमार मौजूद रहे।

# तमंचा दिखाकर लोगों को धमका रहे युवक को पुलिस ने दबोचा



अमन लेखनी समाचार

भरुआ, सुमेरपुर। पीआरवी की सूचना पर स्थानीय पुलिस ने कस्बे के वार्ड संख्या 11 के निवासी एक युवक को अवैध तमंचे के साथ गिरफ्तार करके अदालत भेजा है।युवक तमंचे से गायत्री तपोभूमि में धमका रहा था।

कस्बे के ऊंछा थोक निवासी दिलीप कुमार मंगलवार को सुबह गायत्री तपोभूमि प्रांगण में लोगों को अवैध तमंचा दिखाकर जान से मार देने की धमकी दे रहा था।इसकी सूचना लोगों ने पीआरवी को दी।सूचना पाकर पीआरवी टीम मौके पर पहुंची तो इस युवक ने तमंचा लहराते हुए पीआरवी टीम को भी धमकाने की कोशिश की। पीआरवी टीम ने इसकी सूचना थाना पुलिस को दी। सूचना पाकर थाने से कस्बा इंचार्ज राहुल मिश्रा अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और युवक को तमंचे के साथ दबोचकर हवालात पहुंचाया। थानाध्यक्ष राकेश कुमार ने बताया युवक से 32 बोर का अवैध तमंचा बरामद हुआ है। युवक को न्यायालय भेजा गया है।

# हमीरपुर में पारा 46 डिग्री पहुंचने पर झुलसे लोग

**कस्बे से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों के तालाबों में पानी का अभाव**

अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर। मंगलवार को पारा 46 डिग्री पहुंचने पर आसमान से आग बरस पड़ी।लू के गर्म थपेड़ों से लोगों का बदन झुलसने लगा। आम लोगों के साथ-साथ पशु-पक्षी गर्मी से बेहाल होकर छांव की तलाश में नजर आए। भीषण गर्मी के चलते सुमेरपुर कस्बा सहित ग्रामीण क्षेत्रों में दोपहर को सन्नाटा पसर गया।गर्मी का कहर बढ़ने से अस्पतालों में उल्टी दस्त पेट दर्द बुखार के मरीजों का तांता लगा है।मंगलवार को सूर्य देव की तपिश ने सबको झुलसा दिया। आम जनमानस के साथ पशु पक्षी बेहाल नजर आये। तापमान 46 डिग्री पहुंचने से जमीन तवे के मानिंद तप उठी। पानी का अभाव होने से पशु पक्षी बेहाल हैं।सुमेरपुर कस्बे के सभी तालाबों से पानी नदारद है। ब्लॉक के सैकड़ो तालाबों में धूल उड़ रही है। इससे मवेशियों के सामने पीने के पानी का संकट है। गर्मी का कहर बढ़ने से अस्पतालों में उल्टी दस्त बुखार पेट दर्द के मरीजों की संख्या में इजाफा हुआ है। सुबह ओपीडी खुलते ही मरीजों का तांता लग रहा है।प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सक डा. परवेज कादरी ने बताया कि गर्मी से उल्टी दस्त बुखार पेट दर्द के मरीजों की संख्या बढी है।ओपीडी में प्रतिदिन औसतन 200 मरीज पहुंच रहे हैं।

# नबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को 20 वर्ष के कठोर कारावास व अर्थदण्ड की मिली सजा

अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर।सदर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में नाबालिग से दुष्कर्म करने के अभियुक्त को 20 वर्ष के कठोर कारावास व अर्थदंड की सजा न्यायालय द्वारा सुनाई गयी है।सदर कोतवाली में 7 जून 2020 को उक्त आरोप में धारा 376 (3) ,506 आईपीसी व 4 पाक्सो एक्ट में अभियुक्त शेरसिंह उर्फ सुनील पुत्र रामकरन केवट निवासी अमिरता का डेरा थाना कोतवाली सदर के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया था। मुकदमे के विवेचक उपनिरीक्षक संजय वर्मा, अभियोजक एडीजीसी रुद्रप्रताप सिंह, पैरोकार कांस्टेबल बिजमान सिंह द्वारा पाक्सो एक्ट एवं बलात्कार के चिन्हित मुकदमा में अभियोजन विभाग से समन्वय स्थापित कर समयबद्ध रूप से साक्षियों का साक्ष्य कराकर प्रभावी पैरवी किये जाने के फलस्वरुप आज माननीय न्यायालय विशेष पॉक्सो कोर्ट द्वारा अभियुक्त शेरसिंह उर्फ सुनील को दोषसिद्ध पाते हुये को 20 वर्ष के कठोर कारावास व 40 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है।

# 28 मई को सुंदरकांड समिति का 22वां वार्षिकोत्सव

अमन लेखनी समाचार

बछरावां-रायबरेली बछरावां क्षेत्र में हनुमत भक्ति वधार्मिक प्रचार प्रसार के लिए पहचानी जाने वाली सुंदरकांड समिति का 22 वा विशाल वार्षिकोत्सव 28 मई को बुलाकेश्वर महादेव मंदिर कुटी मोहल्ले में संपन्न होगा। यह जानकारी समिति के अध्यक्ष सतीश सिंह तथा समिति के सक्रिय सदस्य दुर्गेश कुमार शुक्ल द्वारा सामूहिक रूप से दी गई। उन्होंने बताया कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी विशाल भंडारा आयोजित किया जाएगा अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ-साथ कानपुर की ऋषि ऐंड ऋषि इंटरनेशनल कंपनी द्वारा धार्मिक झांकियो का जीवंत प्रदर्शन किया जाएगा ज्ञात हो कि मौजूदा समय में सुंदरकांड समिति एक विशालकाय परिवार में परिवर्तित हो चुकी है यह समिति बगैर किसी प्रकार का शुल्क लिए क्षेत्र में जो भी व्यक्ति आमंत्रित करता है प्रत्येक मंगलवार को वहां पहुंचकर सुंदरकांड का वाद्य यंत्रों के साथ मनमोहन प्रस्तुतीकरण ही इस संस्था का मुख्य उद्देश्य बन गया है मौजूदा समय में जहां लोग धन तथा भौतिकतावाद की ओर बढ़ रहे हैं।वही इस संस्था के द्वारा हनुमत भक्ति का प्रचार प्रसार करना वास्तव में सराहनीय है ज्ञात होकि प्रारंभिक काल में सतीश सिंह तथा उनके सहयोगी दुर्गेश कुमार शुक्ला द्वारा चद इष्ट मित्रों के साथ मंदिरों पर सुंदरकांड का पाठ शुरू किया गया था जो आज बढ़ते बढ़ते विशाल परिवार के रूप में परिवर्तित हो चुका है मौजूदा समय में स्थिति यह है कि आगामी कई मांह के मंगलवार निश्चित हो चुके हैं की कहां सुंदरकांड का पाठ होना है इतना ही नहीं यह संस्था बालाजी, बैजनाथ धाम सहित अन्य धार्मिक स्थलों पर भंडारा आयोजित करने का कार्य भी करती है। संस्था के संचालकों द्वारा अधिक से अधिक संख्या में 28 मई को श्रद्धालुओं से कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने तथा प्रसाद ग्रहण करने की अपील की गई है।

# चुनावी व्यस्तता का लाभ उठाकर अवैध खनन एवं परिवहन करने वालों के खिलाफ डीएम का हन्टर

**05 ट्रक व 01 लोडर सीज, ओवरलोडिंग में 06 ट्रकों से वूसला जुमार्ना**

**अवैध खनन एवं परिवहन करने वालों को डीएम की चेतावनी, सुधर जाएं वरना गैंगस्टर के तहत होगी कार्यवाही**

**विकास कार्यों में बाधा डालने एवं जिले की छवि खराब करने की कुचेष्टा करने वाले होगें सलाखों के पीछे–डीएम**

अमन लेखनी समाचार

बलरामपुर- लोक सभा निर्वाचन में प्रशासनिक अधिकारियों एवं पुलिस की व्यवस्तता का लाभ उठाने वाले खनन माफियाओं पर जिलाधिकारी श्री अरविन्द सिंह का हन्टर चलना चालू हो गया है। जिलाधिकारी के आदेश पर खनन निरीक्षक द्वारा 27 मई 2024 दिन सोमवार को सुबह थाना ललिया में 02 ट्रक और 01 लोडर को पकड़कर कर थाना ललिया में पुलिस के सुपुर्द किया गया तथा 01 ट्रैक्टर-ट्रॉली का ऑनलाइन चालान किया गया। इसके साथ ही पकड़े गये चारों ट्रकों से ओवरलोडिंग करने पर 25-25 हजार रुपए सहित एक लाख रूपए का जुमार्ना वसूल किया गया है।

इसी प्रकार लोकसभा चुनाव के मतदान के दिन 25 मई को जब पूरा प्रशासन चुनाव कार्य में व्यस्त था तब भी खनन माफियाओं द्वारा अवैध परिवहन का काम करने का प्रयास किया गया।सूचना मिलते ही डीएम के आदेश पर खनन विभाग हरकत में आया और अलख सुबह 03 ट्रकों को अवैध प्रपत्र एवं परिवहन में पकड़कर थाना हरैया में पुलिस के सुपुर्द किया गया और 02 ट्रकों को ओवरलोडिंग करने पर 01 लाख 90 हजार रूपए का जुमार्ना वसूला गया।जिलाधिकारी ने अवैध खनन या परिवहन करने वाले माफियाओं को स्पष्ट चेतावनी दी है कि सुधर जाएं और बालू अथवा मिट्टी का अवैध खनन, बिना परमिट परिवहन या ओवरलोडिंग की चेष्टा न करें वरना गैंगस्टर के तहत कार्यवाही करते हुए जेल भेजा जाएगा। उन्होंने कहा कि जनपद में विश्व विद्यालय, रिंग रोड, एयरपोर्ट जैसे बड़े विकास कार्य हो रहे हैं। परन्तु अवैध खनन एवं परिवहन के जरिए जिले के विकास को बाधित करने तथा जनपद की छवि को खराब करने का प्रयास करने वाले लोगों को कतई बख्शा नहीं जाएगा और ऐसे लोगों के खिलाफ कठोरतम कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि गोपनीय सूचनाओं के आधार पर ऐसे लोगों को चिन्हित करने का काम शुरू कर दिया गया है और ऐसे लोगों के खिलाफ अभियान जारी रहेगा।

# जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतगणना सकुशल संपन्न कराने के लिए अधिकारियों संग की बैठक

अमन लेखनी समाचार

रायबरेली,जिला निर्वाचन अधिकारी हर्षिता माथुर ने आईटीआई गोरा बाजार में 4 जून को होने वाले मतगणना कार्य को सकुशल संपन्न कराने के लिए जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने सभी संबंधित को निर्देश दिया की मतगणना वाले दिन सभी कर्मचारी और अधिकारी समय से उपस्थित रहेंगे। मतगणना कार्य सकुशल हो सके इसके लिए सभी तैयारियां समय से पूरी कर ली जाए। उन्होंने उप जिला निर्वाचन अधिकारी को निर्देश दिया की मतगणना के दिन किसी भी प्रकार की असुविधा न हो इसके लिए पेयजल, प्रकाश, साफ सफाई, सुरक्षा, भोजन आदि की व्यवस्था समय रहते करा ली जाए। साथ ही स्वास्थ्य विभाग की टीम भी मौके पर उपस्थित रहे। सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में उन्होंने निर्देश दिया की मतगणना स्थल पर किसी भी संदिग्ध को प्रवेश न दिया जाए। स्थल पर महिला पुलिस भी लगाई जाए। पर्याप्त मात्रा में पुलिस बल लगाया जाए। मतगणना कर्मियों के लिए भोजन की व्यवस्था रहे। नगरपालिका को निर्देश दिए की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाए। गर्मी को देखते हुए पानी आदि का छिड़काव समय से करा लिया जाए। बैठक में सभी निर्वाचन संबंधी अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# डीईओ ने मतगणना स्थल की व्यवस्थाओं का किया निरीक्षण

अमन लेखनी समाचार



रायबरेली,जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी हर्षिता माथुर ने रविवार को लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 की मतगणना कार्य को निष्पक्ष निर्भीक भय रहित व शांति पूर्वक तरीके से सम्पन्न कराये जाने के लिए सभी तैयारियां पूर्ण करने के लिए गोरा बाजार स्थित आई0टी0आई0 परागण व 6 विधानभागार बने मतगणना कक्ष सहित बैरिकेडिक, सुरक्षा व्यवस्था व अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया।

भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 से सम्बन्धित मतगणना का कार्य 04 जून को प्रातः 08:00 बजे से मतगणना कार्य समाप्ति तक आई0टी0आई0 कैम्पस में बनाये गये मतगणना कक्षों में सम्पन्न होना है। मतगणना कार्य को सकुशल एवं शान्तिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराये जाने हेतु मतगणना स्थल पर शान्ति व्यवस्था बनाये रखने, यातायात व्यवस्था, विद्युत व्यवस्था, खानपान व्यवस्था की चेकिंग, दूर संचार, अग्निशमन आदि व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने हेतु सम्बन्धित आदि अधिकारियों को निर्देश दिये गये है। जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी ने सुरक्षा व्यवस्थाओं का भी जायजा लेते हुए निर्देश दिये कि की मतगणना कार्य में किसी भी की शिथिलता न बरती जाये। संबंधित अधिकारी द्वारा बताया गया कि सुरक्षा व्यवस्था व शान्ति व्यवस्था के लिए पुख्ता इन्तेजाम किये गये है।

# मनवांछित फल प्रदान करती है यज्ञ

**कथा श्रवण से पुण्य में बदल जाते हैं पाप**

अमन लेखनी समाचार

भरुआ सुमेरपुर। यज्ञ से देवता प्रसन्न होकर मनवांछित फल प्रदान करते हैं। वहीं भागवत कथा के श्रवण से व्यक्ति भव सागर से पार हो जाता है।जीव में भक्ति, ज्ञान एवं वैराग्य के भाव उत्पन्न होते हैं।कथा के श्रवण मात्र से व्यक्ति के पाप पुण्य में बदल जाते हैं। उक्त विचार इंगोहटा के हिम्मत बाबा समाधि स्थल में चल रही यज्ञ और भागवत पुराण कथा के अंतिम दिन कथा व्यास रोहित कृष्ण शास्त्री ने व्यक्त किए। उनका कहना था कि यज्ञ से देवता संतुष्ट होते हैं। वर्षा अच्छी होती है। धरती तृप्त होकर उपज अच्छी देती है।पर्यावरण शुद्ध होता है।इसलिए यज्ञ करने की प्राचीन परम्परा चली आ रही है। उन्होंने भागवत पुराण कथा के बारे में कहा कि इसके श्रवण से हमारे विचार सात्विक बनते हैं। भक्ति ज्ञान और वैराग्य के भाव उत्पन्न होते हैं। भागवत के अनुरूप आचरण करने से हमारे पाप पुण्य में तब्दील हो जाते हैं।उन्होंने कथा के अंतिम दिन कृष्ण और सुदामा की मित्रता की कथा श्रवण कराकर सभी भाव विभोर कर दिया।गीता पर चर्चा करते हुए कहा कि कर्म प्रधान है।अच्छे बुरे कर्म का परिणाम कोई और नहीं स्वयं को भोगना ही पड़ेगा। अतः सदैव श्रेष्ठ कर्म करना चाहिए। परमात्मा की भक्ति करके संसार में बार बार आने से बचने का प्रयास करना चाहिए। कथा के अंतिम दिन यज्ञ और कथा के यजमान राजीव निगम, महावीर धुरिया, विजय धुरिया, सत्येंद्र निगम, राम देवी, कामता प्रसाद सहित भारी संख्या में श्रोता मौजूद रहे।

**अमन लेखनी**
**(हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

**सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह**

**समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह**

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. – 9838159555, 9935457982

E-mail address amanlekhaninews@gmail.com



## ‘स्टारडम’ से डेब्यू के लिए आर्यन खान तैयार

**मुंबई।** एंटरटेनमेंट डेस्क, नई दिल्ली। शाह रुख खान के लाडले बेटे आर्यन आए दिन किसी न किसी कारण सुर्खियों में बने रहते हैं। उन्होंने किसी फिल्म में एक्टिंग नहीं की, लेकिन उनका स्टारडम किसी एक्टर से कम भी नहीं है। आर्यन खान अपने पिता से अलग, लेकिन उनकी तरह ही काम के जरिये लोगों के बीच फेमस होना चाहते हैं। वो पिछले काफी समय से ‘स्टारडम’ की शूटिंग को लेकर लाइमलाइट में हैं, जिसे लेकर एक गुड न्यूज आई है। यह शो स्टार्स की चकाचौंध से भरी जिंदगी और पर्दे के पीछे की लाइफ को दिखाएगी। खास बात यह है कि आर्यन ने इस शो डायरेक्ट किया है।



लाइफ Style

## शर्मिन

### 30 टेक के बाद भी पसंद नहीं आया शॉट

संजय लीला भंसाली की पहली वेब सीरीज ‘हीरामंडी: द डायमंड बाजार’ को दुनियाभर से प्यार मिल रहा है। हालांकि, इस सीरीज की एक्ट्रेस शर्मिन सेहगल को लगातार उनकी एक्टिंग के लिए ट्रोल किया जा रहा है।

एजेंसी ⏭ मुंबई

शर्मिन ने अभी तक इस चीज को लेकर कोई भी विचार सामने नहीं रखे हैं, लेकिम शर्मिन ने अपने एक पुराने इंटरव्यू में बताया था कैसे वो अपने मामा संजय लीला भंसाली के सामने रोने लगी थीं। साल 2019 में रेडियो सिटी इंडिया को दिए एक इंटरव्यू में शर्मिन ने फिल्म मलाल के शूट का किस्सा सुनाया था। संजय लीला भंसाली मलाल फिल्म के प्रोड्यूसर थे। शर्मिन ने बताया कि वो कभी भी सेट पर नहीं आते थे, लेकिन एक दिन वो सेट पर आए और उस दिन मुझे रोना आ गया। शर्मिन ने बताया कि वो उस दिन एक सॉन्ग का शूट कर रही थीं। सेट पर अपने मामा और मेंटर संजय लीला भंसाली को देखकर नर्वस हो गई थीं। उन्होंने कहा, वो एक शॉट में मेरी जो वाट लगी है। मैं नॉर्मली 15 टेक देती थी, मुझे ऐसा कहना नहीं चाहिए। मुझे 25 टेक लगे उस दिन। फिर फाइनली हो गया। उन्होंने कहा कि पूरे दिन का जो मैनें प्रिपेयर कर के रखा था, वो एक ही शॉट में चला गया। तभी मैं अंदर गई वैनिटी में, तब सर आए अंदर और बोले, “मुझे बहुत मजा आ रहा है। मैं एक और शॉट के लिए रुकने वाला हूं। इसके बाद शर्मिन ने कहा कि वो वैनिटी के बाद सेट पर गईं। उन्होंने बताया कि संजय लीला भंसाली ने 30 टेक के बाद भी शॉट ओके नहीं किया। उन्होंने बताया कि मैं हताश हो गई।

हॉलीवुड मसाला



## निकी ड्रग्स मामले में गिरफ्तार

**लॉस एंजिलिस।** एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में स्टार्स के ड्रग्स का सेवन करने की बातें बहुत आम हैं। इससे जुड़ा कोई मामला सामने आने पर कार्रवाई भी होती है। ऐसा ही कुछ हुआ रैपर और सॉन्ग राइटर निजी मिनाज के साथ। उन्हें एम्सटर्डम में ड्रग्स के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। निकी मिनाज ‘पिंक फ्राइडे’ और ‘बिलबोर्ड’ को लेकर लाइमलाइट में आई थीं। वह अपने गानों के लिए लाइमलाइट में रहती हैं। सोशल मीडिया पर भी निकी मिनाज काफी एक्टिव रहती हैं।



## हॉलीवुड अभिनेता पर चलेगा मुकदमा...

**लॉस एंजिलिस।** हॉलीवुड अभिनेता एलेक बाल्डविन पर सिनेमैटोग्राफर हलिना हचिन्स की हत्या करने का आरोप लगा है। दरअसल, अक्तूबर 2021 में ‘रस्ट’ के सेट पर शूटिंग के दौरान गोली चलने से सिनेमैटोग्राफर हलिना हचिन्स की मौत हो गई थी। इसी को लेकर अभिनेता पर घातक शूटिंग के लिए हत्या का आरोप लगाया गया था। वहीं, अब इस अभिनेता की ओर से कोर्ट में इस मामले को खारिज करने की मांग की थी, लेकिन कोर्ट ने उस प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया। वहीं, न्यू मैक्सिको के एक न्यायाधीश ने फैसला किया है एलेक बाल्डविन पर ‘रस्ट’ सिनेमैटोग्राफर हैलिना हचिन्स की घातक गोलीबारी के लिए इस गर्मी में भी मुकदमा चलेगा।



## मेरी काली जुबान से फिल्में होती हैं फ्लॉप...


**मुंबई।** बॉलीवुड इंडस्ट्री की जानी-मानी फिल्ममेकर फराह खान को भला कौन नहीं जानता। वह अपनी शानदार कोरियोग्राफी और बेहतरीन फिल्मों को लिए जानी जाती हैं। फराह ने बॉलीवुड सुपरस्टार किंग खान सहित तमाम बड़े कलाकारों के साथ काम किया है। अब हाल ही में फराह खान कॉमेडियन कपिल शर्मा के शो ‘द ग्रेट इंडियन कपिल शो’ पर पहुंची थीं। उनके साथ बॉलीवुड एक्टर अनिल कपूर भी मौजूद थे। इस दौरान कपिल ने फराह और अनिल के साथ खूब मस्ती की। फराह खान ने कपिल से बातचीत में अपना एक सीक्रेट भी रिवील किया और बताया कि उनकी जुबान काली है। आइए जानते हैं कि फराह ने आखिर ऐसा क्यों कहा? दरअसल शो में कपिल शर्मा ने अनिल कपूर और फराह से सवाल किया कि ‘आप दोनों की पर्सनैलिटी कैसी है?



## सल्लू को फ्री जींस दिलाने के बहाने ले गए

**मुंबई।** चंकी पांडे फिल्मों में अपने रोल से खूब हंसाते हैं, रियल लाइफ में भी उनके किस्से खूब इंटरेस्टिंग होते हैं। हाल ही में एक्टर ने सलमान खान से जुड़ा एक मजेदार किस्सा शेयर किया है। चंकी पांडे ने बताया कि एक बार साउथ अफ्रीका में एक स्टोर वाले से 50 हजार डॉलर लिए थे, ये कहकर कि वो सलमान खान को स्टोर में लाएंगे। एक साक्षात्कार में चंकी पांडे ने कहा कि वह सुपरस्टार सलमान खान के साथ दक्षिण अफ्रीका में एक शो कर रहे थे, जहां वह उन्हें एक विशेष स्टोर में ले गए और उन्हें “मुफ़्त जींस” दिलाने का वादा किया। चंकी ने कहा, ”मैंने सलमान से कहा, चलो शॉपिंग करने चलते हैं, मैं तुम्हें जींस फ्री दूंगा। इसलिए, हम एक मॉल में खरीदारी करने गए और फिर उन्हें मुफ्त जींस और जूते दिलाए।

टीवी मसाला



## 17 साल की उम्र में जूही ने झेला कास्टिंग काउच

**मुंबई।** बॉलीवुड हो या फिर टेलीविजन, कास्टिंग काउच सिनेमा पर एक दाग है। कई नये कलाकार कास्टिंग काउच का शिकार हो गए हैं। काम का लालच देकर कास्टिंग डायरेक्टर्स कलाकारों के सामने ऐसी-ऐसी डिमांड्स रखते हैं, जिसे जानकर किसी को भी झटका लग सकता है। टीवी की जानी-मानी अभिनेत्री जूही परमार भी इससे गुजर चुकी हैं। एक हालिया इंटरव्यू में जूही ने कास्टिंग काउच का एक्सपीरियंस शेयर किया है। जूही परमार ने बताया कि वह सिर्फ 17 साल की थीं, जब उन्हें एक म्यूजिक वीडियो का ऑफर आया। मगर चैनल हेड ने शर्त रखी कि उन्हें बिकिनी पहननी पड़ेगी। जब जूही ने ऐसा करने से इनकार कर दिया तो चैनल हेड ने कहा था कि उन्हें बिना समझौते के सक्सेस नहीं मिल सकेगा। बातचीत में जूही ने बताया कि आखिर चैनल हेड ने उनसे क्या कहा था। अभिनेत्री ने कहा, “एक शब्द है, जिसे समझौता कहते हैं। अगर तुमने ये नहीं किया तो तुमको लगता है कि तुम टिक सकोगी? जूही ने उनसे साफ कह दिया था कि वह समझौता करने की बजाय घर वापस लौटना पसंद करेंगी।

## करोड़ों की संपत्ति के मालिक हैं तारक मेहता... के ‘जेठालाल’

**मुंबई।** टीवी का फेमस शो ‘तारक मेहता का उल्टा चश्मा’ पिछले कई सालों से लोगों के दिलों में अपनी एक अलग जगह बनाए हुए हैं। इस सीरियल



के हर किरदार ने घर घर में पॉपुलैरिटी हासिल की है। ऐसे में इस शो में दिलीप जोशी का किरदार निभाने वाले दिलीप जोशी को भला कौन नहीं जानता। दिलीप जोशी 26 मई को 56वां बर्थडे मनाए। आज लोग दिलीप जोशी को जेठालाल के नास से जानते हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, दिलीप जोशी की नेट वर्थ करीब 47 करोड़ रुपए है। साल 2023 में आई ‘कोईमोई’ की रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले 5 साल में दिलीप जोशी की नेट वर्थ 135 पर्सेंट बढ़ी है। एक्टर की नेटवर्थ पांच साल में 20 करोड़ से बढ़कर 47 करोड़ रुपये हो गई। वह एक एपिसोड के लिए 1.5 लाख रुपए फीस लेते हैं।



## आज से कहर बरपाएगी ‘सुहागन चुड़ैल’

**मुंबई।** इन दिनों निया शर्मा अपने टीवी सीरियल ‘सुहागन चुड़ैल’ को लेकर लगाता चर्चा में बनी हुई हैं। वह इस शो का प्रमोशन जोरो से कर रही हैं। इस शो में उनका लुक काफी हॉट है, जो कि फैंस को बेहद पसंद भी आ रहा है। निया का यह लुक सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। जानिए आखिरकार कब शुरू हो रहा है आपकी पसंदीदा अभिनेत्री निया शर्मा का शो ‘सुहागन चुड़ैल’। निया शर्मा का नया टीवी शो ‘सुहागन चुड़ैल’ 27 मई को कलर्स टीवी पर आने के लिए तैयार है। इस शो को आप सोमवार से शुक्रवार रात 10.30 बजे देख सकते हैं। इस शो के कई वीडियोज निया ने अपने सोशल मीडिया उकाउंट पर साझा किए हैं। सोशल मीडिया पर निया के वीडियोज को देखने के बाद फैंस तारीफें करते नहीं थक रहे हैं।

## ‘डांस दीवाने 4’ में गौरव-नीतिन ने मारी बाजी, ट्रॉफी के साथ जीते 20 लाख

*मुंबई। डांस रियलिटी शो ‘डांस दीवाने 4’ के विनर का ऐलान कर दिया गया है। इसके विनर का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार था। आखिर वो घड़ी आ ही गई जब शो के चौथे सीजन को भी उसका विनर मिल गया है। शो में टॉप 6 फाइनलिस्ट जोड़ियों के बीच टक्कर देखने के लिए मिली है। इन सबके बीच कंटेस्टेंट गौरव-नीतिन ने बाजी मारी है। शो को माधुरी दीक्षित, सुनील शेट्टी और अन्य जज कर रहे थे। ऐसे में अब इस रियलिटी शो को विनर मिल गए हैं। ट्रॉफी मिलने के साथ ही गौरव-नितिन ने आगे प्लान भी शेयर किया है। शो ‘डांस दीवाने 4’ करीब साढ़े तीन महीने तक चला और लोगों को एंटरटेन किया। अब महीनों इंतजार के बाद दर्शकों के साथ शो को इसके इस सीजन का विनर मिल गया है। फिनाले में टॉप 6 जोड़ियां फाइनलिस्ट में पहुंची थीं। शो की ट्रॉफी के लिए कंटेस्टेंट के बीच कड़ी टक्कर देखने के लिए मिली थी। गौरव और नीतिन को ट्रॉफी के साथ 20 लाख की इनाम की राशी भी मिली है। गौरव और नीतिन दोनों को ही अलग-अलग डांस फॉर्म में महारत हासिल है।*




### अमर सिंह चमकीला का क्रेज पाक में देखने को मिल रहा है

## भारत की ये फिल्में और सीरीज पाकिस्तान में हैं सुपरहिट

*मुंबई। भारत में हर जॉनर की फिल्में बनती हैं और पसंद की जाती हैं। शायद ही यहां कोई ऐसा टॉपिक हो जो कि निर्देशकों से छूट गया हो। यही वजह है कि यहां की फिल्में और सीरीज देश ही नहीं, बल्कि विदेशों में भी खूब पसंद की जाती हैं। नेटफ्लिक्स पर इन दिनों भारतीय फिल्में-सीरीज खूब ट्रेंडिंग में हैं। जिनको दर्शक खूब पसंद कर रहे हैं। इन फिल्मों-सीरीज को पाकिस्तान में भी धड़ल्ले से देखा जा रहा है। चलिए आपको नेटफ्लिक्स की उन 10 फिल्मों-सीरीज के बारे में बताते हैं।*

**लापता लेडीज :** किरण राव और आमिर खान के प्रोडक्शन हाउस में बनी फिल्म लापता लेडीज कहानी बड़ी दमदार है। इस फिल्म में गांव में होने वाली शादी और वहां के लोगों की मानसिकता के बारे में बारे में दिखाया गया है। इस फिल्म को पाकिस्तान में खूब पसंद किया जा रहा है।

**शैतान :** अजय देवगन और आर माधवन की फिल्म शैतान को भी भारत में दर्शकों ने खूब पसंद किया। इस फिल्म में एक सुपरनेचुरल थ्रिलर कहानी है, जो कि एक परिवार के इर्द-गिर्द घूमती है। विकास बहल द्वारा निर्देशित इस फिल्म का पाकिस्तान भी दीवाना है।

**अमर सिंह चमकीला :** पंजाब के पहले रॉकस्टार अमर सिंह चमकीला की जिंदगी पर आधारित फिल्म को 12 अप्रैल को नेटफ्लिक्स पर रिलीज किया था। अमर सिंह चमकीला का क्रेज पाकिस्तान में देखने को मिल रहा है।

**दंगे :** फिल्म दंगे की कहानी में एक्शन और ड्रामा देखने को मिलता है। अहान भट्ट और हर्षवर्धन राणे की इस फिल्म को 26 अप्रैल को रिलीज किया था। दंगे को भी पाकिस्तान में चाव से देखा जा रहा है।




**आर्टिकल 370 :** फरवरी में थिएटर्स में रिलीज होने के बाद 19 अप्रैल को नेटफ्लिक्स पर आई फिल्म आर्टिकल 370 को भी दर्शकों का खूब प्यार मिला। इस फिल्म में यामी गौतम की एक्टिंग को खूब सराहा गया। आर्टिकल 370 के भी पाकिस्तान में चाहने वाले हैं।

**डंकी :** शाहरुख खान की बेहतरीन फिल्मों में से एक डंकी की कहानी बिना वीजा के अवैध तरीके से दूसरे देशों में जाने वाले लोगों पर आधारित है। यह फिल्म 21 दिसंबर को थिएटर्स में रिलीज हुई थी। इसके बाद 15 फरवरी को इसे ओटीटी पर स्ट्रीम किया गया था. डंकी को भी पाकिस्तान में जमकर देखा जा रहा

**एनिमल :** अल्फा मेन्स की कहानी पर आधारित रणबीर कपूर, रश्मिका मंदाना, अनिल कपूर और बॉबी देओल की फिल्म एनिमल को भी पाकिस्तान में खूब प्यार मिला।

**12वीं फेल :** 12वीं फेल की कहानी रियल लाइफ हीरो आईपीएस मनोज शर्मा पर आधारित है। फिल्म में दिखाया गया है कि कैसे एक लड़का गरीबी से लड़कर पढ़ाई करता है और आगे बढ़ता है। यह फिल्म भी पड़ोसी मुल्क में देखी जा रही है।

**हीरामंडी :** कुछ दिनों पहले नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई संजय लीला भंसाली की वेब सीरीज हीरामंडी का भारत में खूब जलवा दिखा। इस सीरीज को लोगों की मिली-जुली प्रतिक्रिया मिली है। पाकिस्तान में भी हीरामंडी जमकर देखी जा रही है।

**मामला लीगल है :** रवि किशन और यशपाल शर्मा जैसे धुरंधर कलाकारों से सजी हुई वेब सीरीज मामला लीगल है बढ़िया कॉमेडी है। इसकी कहानी में आपको कोर्टरूम की अनोखी दुनिया दिखेगी। इस सीरीज का क्रेज भी पाकिस्तान में दिखा।